प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



मिशन बंगाल सफ़ल, अब भाजपा का मिशन पंजाब होगा शुरू पेज- 2

ननिहाल आए किशोर की गंगा में डूबकर मौत पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 171 | शुक्रवार 12 जून, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

# वैश्विक अस्थिरता के बीच भी आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है भारत

## नीति आयोग की बैठक में पीएम मोदी का बड़ा बयान



(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितता और अस्थिरता के बीच भी भारत आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ अपनी विकास यात्रा पर आगे बढ़ रहा है। मोदी ने नीति आयोग की शासी परिषद की 11वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जैसे–जैसे भारत विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, देश की सामूहिक जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। नीति आयोग ने मोदी के हवाले से सोशल मीडिया पर मंच एक्स पर लिखा, दुनिया अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। फिर भी भारत आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ अपनी विकास यात्रा पर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने विकास और निर्यात के नए अवसर पैदा करने के लिए कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। उन्होंने कहा, ये समझौते हमारे सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध कराते हैं। इससे वे अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करके और प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाकर वैश्विक बाजारों के लिए तैयार हो सकेंगे। मोदी ने कहा कि भारत का जनसांख्यिकीय लाभ एक ऐतिहासिक अवसर है जिसे हम खोने का जोखिम नहीं उठा सकते। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मांग–आधारित कौशल विकास और रोजगार के अवसरों के माध्यम से भारत के युवाओं के लिए सही परिवेश का निर्माण करना प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, सशक्त युवा ही विकसित भारत की दिशा में हमारी यात्रा की प्रेरक शक्ति होंगे। उन्होंने कहा कि राज्यों के बीच सहयोग और संवाद के माध्यम से चीजें आगे बढ़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि नीति आयोग सहयोग के लिए एक मंच के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जिससे राज्य विचारों का आदान–प्रदान कर सकें और विकसित भारत की परिकल्पना की दिशा में मिलकर काम कर सकें। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला नेतृत्व वाला विकास विकसित भारत की परिकल्पना का आधार है। उन्होंने कहा, कृषि और स्टार्टअप से लेकर विज्ञान और नवोन्मेष तक, नारी शक्ति सभी क्षेत्रों में योगदान दे रही है। राज्यों को महिलाओं की शिक्षा, कौशल विकास, सुरक्षा और सशक्तीकरण को प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि उनकी पूरी क्षमता का उपयोग किया जा सके और भारत की विकास यात्रा को गति दी जा सके। मोदी ने कहा, सहकारी संघवाद की भावना से प्रेरित होकर, हम भारत की विकास यात्रा को गति देने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। केंद्र और राज्यों के सामूहिक प्रयास विकसित भारत के हमारे साझा दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## स्कूल में करोड़ों की नकदी बरामद, पश्चिम बंगाल पुलिस ने लेखाकार को पकड़ा

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के कांचरापारा में पुलिस ने एक निजी स्कूल के बंद कमरे से लगभग 1.77 करोड़ रुपये नकद जब्त किये हैं और संस्थान के लेखाकार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह जब्ती विशेष गोपनीय सूचना के आधार पर रात भर जारी तलाशी अभियान के दौरान की गई। अधिकारी ने कहा, नकद राशि जब्त कर ली गई है और इसके स्रोत का पता लगाने के लिए जांच जारी है। हम दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं और संस्थान से जुड़े लोगों से पूछताछ जारी है। उन्होंने कहा कि लेखाकार अभीक कुमार नाग को हिरासत में लिया गया है और उनसे इस राशि के स्रोत और उन परिस्थितियों के बारे में पूछताछ की जा रही है जिसके तहत इतनी बड़ी राशि स्कूल परिसर में रखी गई थी। उन्होंने बताया कि कमल अधिकारी, गौतम घोष दस्तीदार, अभीक कुमार नाग और सयान नाग के खिलाफ



एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में वित्तीय अनियमितताओं और धोखाधड़ी के आरोप शामिल हैं। कमल अधिकारी कांचरापारा नगर पालिका के अध्यक्ष हैं और बिजपुर के पूर्व विधायक सुबोध अधिकारी के भाई हैं। छापेमारी के दौरान बंद कमरे से नकदी से भरे आठ पैकेट बरामद किए गए। रात में स्कूल में नोट गिनने वाली तीन मशीनें लाई गईं और गिनती की प्रक्रिया बृहस्पतिवार तड़के तक जारी रही। गिरफ्तार किए गए लेखाकार ने अभी तक इस बात का संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया है कि पैसा कहां से आया या इसे बैंक में जमा करने के बजाय बंद कमरे में क्यों रखा गया था। हालांकि, स्कूल के प्रधानाचार्य विकास चंद्र पाल ने दावा किया कि पैसा संस्थान का है और प्रवेश शुल्क के माध्यम से एकत्र किया गया था।

## महंगाई और परीक्षा धांधली के खिलाफ कांग्रेस का बड़ा ऐलान, 3 महीने तक देशभर में राष्ट्रीय अभियान चलाएगी पार्टी

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को अगले तीन महीनों के लिए एक राष्ट्रीय स्तर के अभियान की घोषणा की। इस अभियान के तहत पार्टी के हर नेता और कार्यकर्ता से उम्मीद की जाएगी कि वे महंगाई, बेरोजगारी, परीक्षा में धांधली, सामाजिक असमानता और खाड़ी संकट के बाद कमजोर कूटनीति के खिलाफ सड़कों पर उतरें। इस अभियान की जानकारी कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने दी। यह जानकारी ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) द्वारा नयी दिल्ली स्थित मुख्यालय में संगठनात्मक रणनीतियों, आगामी आंदोलनों और राज्यसभा चुनाव पर चर्चा के लिए बुलाई गई एक उच्च–स्तरीय बैठक के बाद दी गई। उन्होंने कहा, हम अगले तीन महीनों के लिए राष्ट्रीय स्तर का अभियान शुरू करने जा रहे हैं। कांग्रेस के हर नेता और कार्यकर्ता को मैदान में और सड़कों पर उतरना चाहिए। एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, आज देश महंगाई, बेरोजगारी, परीक्षा में धांधली और सामाजिक असमानता जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। नीट और विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने और शिक्षा प्रणाली से जुड़े विवादों ने लाखों युवाओं और उनके परिवारों का भरोसा हिला दिया है। श्री राहुल गांधी ने व्यक्तिगत रूप से प्रभावित छात्रों और युवाओं से मुलाकात की है और देश के सामने मजबूती से उनकी बात रखी है। खड़गे ने कहा, आज दुर्भाग्य से हम देख रहे हैं कि जिन संस्थानों और प्रणालियों को बनाने में दशकों लगे, उन्हें अब जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है। इसलिए, हमारी जिम्मेदारी न केवल राजनीतिक संघर्ष के प्रति है, बल्कि भारत के संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की रक्षा करने के प्रति भी है। यह एआईसीसी बैठक मध्य प्रदेश से कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन के राज्यसभा नामांकन के खारिज होने के बाद मचे बड़े राजनीतिक घमासान के बीच हुई। वेणुगोपाल ने कहा, आज हमारी देश भर के महासचिवों, प्रभारियों और पीसीसी अध्यक्षों के साथ तीन घंटे लंबी बैठक हुई। असल में, आप जानते हैं कि मध्य प्रदेश और झारखंड में जो ताजा हालात बने हैं, वे लोकतंत्र के लिए सबसे



बड़ी चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा, आपने मध्य प्रदेश में मीनाक्षी नटराजन का नॉमिनेशन रद्द होने का मामला देखा होगा। इसकी वजह यह थी कि उन्होंने कोर्ट से भेजे गए एक नोटिस की जानकारी नहीं दी थी। कोई क्रिमिनल केस नहीं था, उनके खिलाफ कोई क्रिमिनल केस नहीं है। कोई एफआईआर नहीं है, कोई चार्जशीट नहीं हैय कोई चार्जशीट फ्रेम नहीं की गई है। इसी वजह का हवाला देकर मीनाक्षी नटराजन का नॉमिनेशन रद्द कर दिया गया। दूसरी तरफ, झारखंड में रिटर्निंग ऑफिसर ने जो किया...बीजेपी समर्थित कॉर्पोरेट उम्मीदवार ने तो कॉलम में अपना नाम भी ठीक से नहीं लिखा था.. सरकार की विदेश नीति की आलोचना करते हुए वेणुगोपाल ने कहा, यह युद्ध इसी तरह चलता रहेगा। इस पर केंद्र सरकार का क्या रुख है? हमारे तीन भारतीय मारे गए हैं। साथ ही, हमारे राजनयिक संबंध भी ठीक से नहीं चल रहे हैं। हम भारत–अमेरिका व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए बहुत उत्सुक हैं जिससे भारतीय किसानों को बहुत नुकसान होगा।

## एसटीएफ की बड़ी कामयाबी, जॉर्जिया से भारत लाया गया हरियाणा का मोस्ट वांटेड गैंगस्टर

(एजेंसी) चंडीगढ़। हरियाणा स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए कुख्यात गैंगस्टर वैनकेट गर्ग को जॉर्जिया से भारत वापस लाने में सफलता हासिल की है। यह पहली बार है जब जॉर्जिया से किसी आरोपी का भारत को प्रत्यर्पण हुआ है। इसके साथ ही वर्ष 2026 में हरियाणा एसटीएफ द्वारा सुनिश्चित किया गया यह 10वां निर्वासन या प्रत्यर्पण बन गया है। एसटीएफ के अनुसार 29 वर्षीय वैनकेट गर्ग अंबाला जिले के नारायणगढ़ क्षेत्र का रहने वाला है और करीब 53 सदस्यों वाले आपराधिक नेटवर्क का सरगना माना जाता है। गैंग पर अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, पंचकूला और चंडीगढ़ में हत्या, लक्षित हमले, हत्या के प्रयास, रंगदारी वसूली, संगठित अपराध और अवैध हथियारों के इस्तेमाल जैसे मामलों में संलिप्त रहने के आरोप हैं। एसटीएफ जांच में सामने आया कि वैनकेट गर्ग 10 दिसंबर, 2024 को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भाग गया था। बाद में 26 जनवरी, 2025 को वह जॉर्जिया पहुंच गया। जांच एजेंसियों को यह भी पता चला कि उसने गुरुग्राम के एक




फ्लैट का गलत पता दिखाकर कथित तौर पर धोखाधड़ी से पासपोर्ट हासिल किया था। इस मामले में थाना नारायणगढ़ में अलग आपराधिक मामला दर्ज किया गया और एसटीएफ की सिफारिश पर फरवरी 2025 में उसका पासपोर्ट रद्द कर दिया गया। हालांकि देश छोड़ने के बाद भी आरोपी पर अपने नेटवर्क के जरिए आपराधिक गतिविधियां संचालित करने के आरोप लगे। इसी दौरान उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी और आर्म्स एक्ट से जुड़े कई नए मामले दर्ज हुए। एसटीएफ के अनुसार वैनकेट गर्ग उद्घोषित अपराधी है और उसके खिलाफ हरियाणा तथा चंडीगढ़ में कुल 34 आपराधिक मामले दर्ज हैं। भारत से फरार होने से पहले उसके खिलाफ 23 केस दर्ज थे, जबकि विदेश जाने के बाद 11 और मामले जुड़े। गैंग के चर्चित मामलों में नारायणगढ़ में बसपा नेता हरबिलास की हत्या और अंबालादृयमुनानगर क्षेत्र में रंगदारी से जुड़ी फायरिंग की घटनाएं शामिल बताई गई हैं। आरोपी की वापसी सुनिश्चित करने के लिए एसटीएफ ने कई स्तरों पर कार्रवाई की। इसमें लुक आउट सर्कुलर जारी करवाना, इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाना, अदालतों से ओपन–डेट गिरफ्तारी वारंट हासिल करना और आरोपी को उद्घोषित अपराधी घोषित कराना शामिल रहा। बाद में अंतरराष्ट्रीय कानून प्रवर्तन चौनलों के जरिए जॉर्जिया में उसकी मौजूदगी की सूचना मिली, जिसके बाद प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू की गई। यह अभियान भारत सरकार के विदेश मंत्रालय, एनसीबी–नयी दिल्ली, सीबीआई, जॉर्जिया और कजाखस्तान स्थित भारतीय दूतावासों तथा विदेशी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सहयोग से पूरा हुआ। एसटीएफ ने इसे संगठित अपराध और विदेश भागे अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि भगोड़ों को कानून के दायरे में लाने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने से कीमती धातुओं में गिरावट, एमसीएक्स पर सोना 1.46 लाख रुपए के करीब, चांदी 0.47 प्रतिशत फिसली

(एजेंसी) मुंबई। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर वैश्विक कमोडिटी बाजारों पर साफ दिखाई दे रहा है। गुरुवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में सुरक्षित निवेश (सेफ हेवन) की मांग बढ़ने से सोने को कुछ समर्थन मिला, लेकिन घरेलू बाजार में निवेशकों का रुख सतर्क बना हुआ है। गुरुवार के सत्र में एमसीएक्स पर जुलाई डिलीवरी वाला सोना 1,46,518 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला, जो पिछले बंद भाव 1,48,017 से करीब 1,500 रुपए नीचे है। हालांकि खबर लिखे जाने के समय (सुबह 11.50 बजे के करीब) जुलाई वायदा सोना करीब 0.13 प्रतिशत गिरकर 1,47,828 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता दिखाई दिया। वहीं जुलाई वायदा चांदी अपने पिछले बंद भाव 2,35,505 रुपए प्रति किलोग्राम से 3,834 रुपए गिरकर 2,31,671 रुपए प्रति किलोग्राम पर खुला। वहीं खबर लिखे जाने तक यह 1,105 रुपए यानी 0.47 प्रतिशत गिरकर 2,34,400 रुपए प्रति किलो पर ट्रेड करता नजर आया। गौरतलब है कि बाजार में अस्थिरता की मुख्य वजह अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव है। अमेरिकी सेना ने ईरान के कुछ ठिकानों पर हमले किए हैं, जिसके बाद हालात और गंभीर हो गए हैं। जवाब में ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को जहाजों के लिए बंद करने की घोषणा की है। यह समुद्री मार्ग वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस घटनाक्रम से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है, जिससे वैश्विक महंगाई को लेकर चिंता बढ़ी है। इसी वजह से निवेशकों का रुझान सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर बढ़ रहा है। कमोडिटी विशेषज्ञों के अनुसार, एमसीएक्स गोल्ड ने गुरुवार को गैप–डाउन ओपनिंग की और महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक स्तर 1.50 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम से नीचे फिसल गया। फिलहाल सोने का रुख कमजोर बना हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि सोना दोबारा 1.50 लाख रुपए के ऊपर टिकने में सफल रहता है, तो इसमें सुधार देखने को मिल सकता है और कीमतें 1.54 लाख से 1.55 लाख रुपए के स्तर तक पहुंच सकती हैं। दूसरी ओर, यदि भाव 1.46 लाख रुपए से नीचे फिसलता है तो बिकवाली का दबाव बढ़ सकता है और कीमतें 1.45 लाख से 1.43 लाख रुपए के दायरे तक जा सकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी में भी कमजोरी का माहौल बना हुआ है। एमसीएक्स सिल्वर ने भी गैप–डाउन शुरुआत की और फिलहाल 2.30 लाख रुपए प्रति किलोग्राम के आसपास समर्थन लेने की कोशिश कर रही



है। विश्लेषकों के मुताबिक, अगर चांदी 2.36 लाख रुपए के ऊपर निकलती है तो इसमें तेजी लौट सकती है और भाव 2.40 लाख से 2.43 लाख रुपए तक जा सकते हैं। वहीं, 2.30 लाख रुपए का स्तर टूटने पर कीमतें 2.28 लाख से 2.25 लाख रुपए तक फिसल सकती हैं। दूसरी ओर, एमसीएक्स पर कच्चे तेल की कीमतों में मजबूती बनी हुई है। क्रूड ऑयल ने गैप–अप ओपनिंग की और 8,750 से 8,800 रुपए के दायरे में कारोबार करता दिखा। हाल के निचले स्तरों से इसमें अच्छी रिकवरी देखने को मिली है। विशेषज्ञों का मानना है कि 8,870 से 8,925 रुपए का दायरा कच्चे तेल के लिए तत्काल प्रतिरोध (इमीडिएट रेजिस्टेंस) स्तर है। यदि कीमतें इस स्तर को पार कर जाती हैं, तो 9,000 से 9,050 रुपए तक तेजी देखने को मिल सकती है। वहीं 8,730 से 8,650 रुपए का स्तर निकटतम सपोर्ट माना जा रहा है।

## अदालत ने अभिषेक बनर्जी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर लगाई रोक

(एजेंसी) कोलकाता। कोलकाता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता के चयन को लेकर हस्ताक्षर जालसाजी मामले में तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी को किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से बृहस्पतिवार को अंतरिम राहत प्रदान की। न्यायमूर्ति कौशिक चंदा ने तीन सप्ताह के लिए



अंतरिम संरक्षण देते हुए बनर्जी को निर्देश दिया कि वह मामले में पूछताछ के लिए बृहस्पतिवार शाम छह बजे तक कोलकाता स्थित सीआईडी मुख्यालय भवानी भवन में उपस्थित हों। बनर्जी के वकील ने अदालत को बताया कि सांसद दिल्ली से कोलकाता लौट रहे हैं और उनका शाम करीब चार बजे पहुंचने का कार्यक्रम है। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। यह विवाद तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी द्वारा उनके कालीघाट स्थित आवास पर बुलाई गई एक बैठक से जुड़ा है, जिसमें विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के नाम पर चर्चा की गई थी। आरोप है कि इस संबंध में तैयार किए गए दस्तावेजों पर कई विधायकों के हस्ताक्षर उनकी अनुपस्थिति के बावजूद कर दिए गए। इन आरोपों के सामने आने के बाद राज्य की राजनीति में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है।

# सम्पादकीय

## कागज़ी नोट बंद करने का दावा फ़र्ज़ी

देश में प्लास्टिक वाले करेंसी नोट लाने की तैयारी चल रही है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दू कि केंद्रीय बैंक आरबीआई के गवर्नर ने एमपीसी की मीटिंग के बाद बताया था कि ये विचार अभी शुरुआती चरण में है। दुनिया के कई देशों में प्लास्टिक वाले नोट चलन में हैं, जो मूलत– बेहद मजबूत पॉलीमर के होते हैं। सिक्योरिटी फीचर्स और टिकाऊपन के लिहाज से ये बेहतर होते हैं। भारत में भी आने वाले समय में ऐसे नोट चलन में आएंगे। इस बीच ऐसी खबरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं कि प्लास्टिक वाले नोट आने पर कागज वाले नोट बंद हो जाएंगे, जो अभी चलन में हैं। जो आपकी जेब में, आपके पर्स में पड़े हैं। ऐसे में लोगों के मन में ये सवाल उठना लाजिमी है कि क्या सच में कागज वाले नोट बंद होने वाले हैं। आरबीआई की ओर से इसका जवाब दिया है सरकारी सूचना एजेंसी पीआईबी ने। इसने बताया है कि वायरल हो रही जानकारी पूरी तरह फर्जी है। सोशल मीडिया के दौर में आजकल फर्जी और भ्रामक खबरें सबसे ज्यादा फैलने लगी हैं। इन दिनों भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के फर्जी दावे वायरल हो रहे हैं, जिसने लोगों का ध्यान खींच लिया है। इसी को लेकर प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) की फैक्ट चेक यूनिट ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी और साफ किया है कि वायरल हो रही जानकारी पूरी तरह फर्जी है। साथ ही लोग किसी भी फर्जी दावे पर विश्वास न करें। सोशल मीडिया पर इन दिनों पोस्ट कर दावा किया जा रहा है कि आरबीआई 30 जून 2026 से कागज के नोटों को वापस लेकर उनकी जगह प्लास्टिक करेंसी नोट जारी करने जा रहा है। पीआईबी फैक्ट चेक ने इस वायरल दावे का पूरा तरह खंडन किया और इसे पूरी तरह फर्जी बताया है। पीआईबी फैक्ट चेक ने अपनी एक्स पोस्ट में बताया कि आरबीआई की ओर से ऐसी कोई योजना नहीं बनाई गई है। साथ ही न तो कागज के नोट वापस लिए जा रहे हैं और न ही उन्हें प्लास्टिक नोटों से बदलने की कोई घोषणा की गई है। पीआईबी की ओर से लोगों से अपील की गई है कि सभी ऐसी किसी भी जानकारी पर विश्वास करने से पहले आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट से उसकी पुष्टि जरूर करें। साथ ही अगर किसी पोस्ट में भारत सरकार द्वारा कोई फर्जी पोस्ट नजर आता है, तो उसको तुरंत रिपोर्ट करें। इसके अलावा पीआईबी ने एक्स पोस्ट के जरिए एक और बड़े ऑनलाइन निवेश घोटाले को लेकर भी लोगों को सतर्क किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर चल रहे एक विज्ञापन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का एक वीडियो दिखाया जा रहा है। वीडियो में दावा किया गया है कि मात्र 22,000 रुपए के निवेश पर प्रतिदिन 60,000 रुपए तक और हर महीने 16 लाख रुपए तक की कमाई की जा सकती है। पीआईबी ने जांच के बाद बताया कि यह वीडियो पूरी तरह फर्जी है और इसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से तैयार किया गया है। पीआईबी ने साफ बताया कि न तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और न ही भारत सरकार ने किसी ऐसे निवेश मंच या योजना का समर्थन, प्रचार या अनुमोदन किया है।



नफीस जाफरी

## भाखड़ा का जल स्तर

हमारे नीति–नियंता आमतौर पर तब जागते हैं जब समस्या सिर पर आ जाती है। यदि समय रहते तंत्र, सजगता और सतर्कता से आसन्न संकट को महसूस करते हुए तत्काल रणनीति बनाकर कार्रवाई करता है, तो जन–धन की हानि को टाला जा सकता है। निस्संदेह, भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड यानी बीबीएमबी ने पंजाब और हरियाणा को भाखड़ा जलाशय से ज्यादा पानी निकालने की सलाह दी है। निश्चित रूप से इस सलाह को उत्तर भारत क्षेत्र में पानी के प्रबंधन से जुड़ी बढ़ती मुश्किलों के प्रति एक चेतावनी के रूप में देखी जानी चाहिए। निस्संदेह, यह सलाह रोजमर्रा के परिचालन से जुड़ा मामला भी नहीं है। इसे व्यापक संदर्भों में देखें तो लगातार बढ़ती जलवायु की अनिश्चितता, खेती से जुड़े ऐसे तौर–तरीकों, जिनका दीर्घकालीन उपयोग नहीं किया जा सकता है, के बाबत यह सलाह चेताती है। निश्चित रूप से यह सलाह यह भी बताती है कि पंजाब व हरियाणा में पानी के बेहतर उपयोग को लेकर सहमति न बनने से भी इस तरह की स्थितियां पैदा होती हैं। बांध प्रबंधन से जुड़े सूत्र बताते हैं कि भाखड़ा जलाशय का जलस्तर फिलहाल पिछले साल में इसी अवधि के दौरान के जलस्तर के मुकाबले 21 फीट अधिक है। वहीं दूसरी ओर जलाशय के अधिकतम जलस्तर तक पहुंचने में अब सिर्फ 102 फीट की जगह ही बची है। निश्चित रूप से इस दिशा में समय रहते ही अविलंब कार्रवाई करनी होगी। अन्यथा मानसून के आने के साथ वैकल्पिक उपायों की गुंजाइश भी लगातार कम होती जाती है। जलवायु परिवर्तन के गहरे होते प्रभावों के चलते हिमालयी पर्वत शृंखला में अधिक बर्फ के पिघलने की बढ़ती गति और बारिश के पैटर्न में लगातार आ रहे बदलाव के कारण ही जलाशय के जलस्तर में तेजी से बदलाव आने की आशंका भी बनी रहती है। यही वजह है कि इन तमाम आशंकाओं के मद्देनजर ही अविलंब नीतिगत फैसले लेने की सख्त जरूरत है। यह विडंबना ही है कि यह चुनौती पंजाब में ऐसे समय में आ रही है, जब धान की रोपाई का मौसम चल रहा है। हालांकि, राज्य में सरकार ने पानी के बेहतर इस्तेमाल के मद्देनजर धान की खेती का कैलेंडर एक जून तक के लिये आगे बढ़ा दिया था। यह भी गौरतलब है कि आज भी पंजाब के बड़े इलाकों में खेती काफी हद तक भूजल पर ही निर्भर है। जिस सीमा तक नहरों के नेटवर्क का अधिकतम उपयोग होना चाहिए था, वह अभी भी नहीं हो पा रहा है। निस्संदेह, जब तक सतही पानी का सही तरीके से बंटवारा नहीं होता है तब तक जलाशयों में ज्यादा पानी जमा करके रखना पड़ेगा। जिसके चलते अचानक आने वाले पानी को संभालने के लिये जरूरी बाढ़ बचाव क्षमता कम हो जाती है। हमें वर्ष 2023 में पंजाब में आई विनाशकारी बाढ़ से मिले सबक को नहीं भूलना चाहिए। तब पानी छोड़ने में कथित देरी और जलाशयों के संचालन को लेकर हुए तमाम विवादों ने राजनीतिक कड़वाहट को बढ़ाया ही था। साथ ही सरकार की बाढ़ से निबटने की तैयारियों को लेकर गंभीर सवाल भी खड़े हुए थे। जब बांध प्रबंधन की बात करते हैं तो इसका मकसद सिर्फ बिजली उत्पादन ही नहीं हो सकता। तब बाढ़ को नियंत्रित करना भी उतना ही जरूरी मकसद होना चाहिए। ऐसे वक्त में हमें जरूरी कामों की प्राथमिकताएं तय करनी होंगी। सिंचाई विभाग को सुनिश्चित करना ही होगा कि नहर का पानी किसानों को समय पर मिले। खासकर उन किसानों को जिनके खेत नहर के अंतिम छोर पर स्थित हैं। इससे हमारी जमीन के ऊपर मौजूद पानी के स्रोतों पर निर्भरता ज्यादा बढ़ेगी। साथ ही इन कदमों से जमीन के भीतर के पानी के भंडारों पर दबाव भी कम हो सकेगा। इसके साथ ही, सहयोगी राज्यों के साथ जलाशयों के कामकाज में पारदर्शिता और दूरदर्शिता के साथ तालमेल बैठाना होगा। पानी की भरपूर उपलब्धता से मुश्किल हालात का सामना करने की क्षमता बढ़नी चाहिए, न कि जोखिम को बढ़ावा दिया जाए। आज जलाशयों में जगह खाली करना भविष्य में मौसम से जुड़ी अनिश्चितताओं से निबटने के लिये सबसे अच्छा उपाय साबित हो सकता है।

# मिशन बंगाल सफ़ल, अब भाजपा का मिशन पंजाब होगा शुरू



गुलफिशा खान

पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बाद अब भाजपा ने अगले साल की शुरुआत में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए कमर कस ली है। इनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में भाजपा की सरकार है जबकि पंजाब में भाजपा कमजोर है। पार्टी चार राज्यों में सरकार की वापसी को लेकर आश्वस्त है। उसने पंजाब में सत्ता में आने के लिए पूरी ताकत झोंकने का फैसला किया है। इसकी कमान खुद गृह मंत्री अमित शाह संभाल रहे हैं। इससे पहले पश्चिम बंगाल में उन्होंने पार्टी के चुनाव अभियान की अगुवाई की थी और राज्य में पहली बार पार्टी को सत्ता में लाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। सूत्रों के अनुसार इस महीने शाह ने पंजाब के भाजपा नेताओं की एक बैठक बुलाई है। उनसे फीडबैक लेने के बाद राज्य में ड्रग्स के खिलाफ यात्रा को अंतिम रूप दिया जाएगा। खुद शाह इसकी शुरुआत करने जा रहे हैं। भाजपा पंजाब में परंपरागत रूप से शहरी क्षेत्रों में मजबूत रही है। ग्रामीण इलाकों में उसका जनाधार नहीं रहा है और शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन इसकी भरपाई करता आया है। हालांकि भाजपा ने तय किया है कि इस बार वह बिना अकाली दल से समझौता किए ही अकेले चुनाव मैदान में उतरेगी। राज्य की सभी 117 सीटों पर पार्टी अपने उम्मीदवार खड़े करने जा रही है। पंजाब में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा का सिख धार्मिक संस्थानों से संपर्क साधना और ऑपरेशन ब्लूस्टार की आलोचना करना, उसकी रणनीति में एक बड़ा बदलाव दिखाता है। पहली बार, भाजपा के किसी वरिष्ठ नेता ने सार्वजनिक रूप से उन भावनाओं को दोहराया है जो पारंपरिक रूप से श्पंथिकश राजनीति से जुड़ी रही हैं। इससे यह सवाल उठता है कि क्या पार्टी सिख मतदाताओं के बीच अपनी छवि को बस ठीक कर रही है या फिर कट्टर धार्मिक विचारों को अपनाने की दिशा में बढ़ रही है? यह घटनाक्रम ऑपरेशन ब्लूस्टार की 42वीं बरसी के दौरान हुआ, जब महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने दमदमी टकसाल का दौरा किया। यह वही धार्मिक संस्थान है जिसके प्रमुख कभी जरनैल सिंह भिंडरावाले थे। टकसाल के नेताओं के साथ मंच साझा करते हुए, महाजन ने सेना की कार्रवाई



को स्वर्ण मंदिर पर हमला बताया और सिखों के सबसे पवित्र तीर्थस्थल में सेना भेजने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने इस ऑपरेशन को स्वर्ण मंदिर पर आक्रमण कहा, इसकी तुलना ऐतिहासिक हमलों से की और गांधी की हत्या के बाद हुए सिख–विरोधी दंगों के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा न मिलने का जिक्र किया। गौरतलब है कि ये टिप्पणियां इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये भाजपा के पारंपरिक रुख से अलग हैं। जहां पार्टी ने 1984 के सिख–विरोधी दंगों को लेकर कांग्रेस पर लगातार हमले किए हैं, वहीं उसने ऑपरेशन ब्लूस्टार की आलोचना करने से काफी हद तक परहेज किया है। असल में, भाजपा और उसके वैचारिक समर्थकों ने अक्सर इस सैन्य कार्रवाई को उग्रवाद के दौर में व्यवस्था बहाल करने के लिए एक दुखद लेकिन जरूरी कदम माना है। इसलिए, महाजन की टिप्पणियां उन सिख भावनाओं से जुड़ने की कोशिश का संकेत देती हैं जो इस ऑपरेशन को एक गहरे धार्मिक और भावनात्मक घाव के तौर पर देखती हैं। इसका राजनीतिक संदर्भ भी उतना ही महत्वपूर्ण है। शिरोमणि अकाली दल से अलग होने और .षि कानूनों के विरोध प्रदर्शन के बाद से, भाजपा को सिखों के बीच अपना समर्थन आधार बढ़ाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। पंजाब में खुद को एक राष्ट्रीय विकल्प के तौर पर पेश करने की कोशिशों के बावजूद, पार्टी काफी हद तक शहरी इलाकों तक ही सीमित रही है। दमदमी टकसाल जैसे प्रभावशाली धार्मिक संस्थानों तक पहुंचने का मकसद सिख मतदाताओं के बीच अविश्वास को कम करना और ऐतिहासिक शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता दिखाना लगता है। हालांकि, इस रणनीति में जोखिम भी हैं। पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने भाजपा पर पाखंड का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी दो नावों की सवारी कर रही है। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा विरोधियों को देश–विरोधी बताती है, वहीं अब वह उन बातों को अपना रही है जिनकी उसने कभी आलोचना की थी। वडिंग ने चुनावी फायदे के लिए समाज को बांटने वाली पुरानी यादों को फिर से जिंदा करने के खिलाफ चेतावनी दी और भाजपा को याद दिलाया कि पंजाब ने उग्रवाद के दौर में भारी कीमत चुकाई थी, जिसमें एक प्रधानमंत्री और एक मुख्यमंत्री की जान भी चली गई थी। अब मुख्य सवाल यह है कि क्या भाजपा सिख मुद्दों पर अपना रुख सिर्फ नरम कर रही है या फिर कट्टरपंथी आवाजों को भी जगह देने की तैयारी कर रही है। अभी तक ऐसे कोई संकेत नहीं मिले हैं कि पार्टी अलगाववाद के खिलाफ अपने कड़े रुख में कोई बदलाव करना चाहती है। इसके बजाय, यह कोशिश सिखों की धार्मिक भावनाओं को उग्रवाद की राजनीति से अलग करने की एक सोची–समझी रणनीति लगती है। फिर भी पंजाब में, जहां प्रतीकों का अक्सर बहुत ज्यादा राजनीतिक महत्व होता है, ऐसे कदम भी लोगों की सोच बदल सकते हैं। भाजपा एक नाजुक संतुलन बनाने की कोशिश कर रही है– ऑपरेशन ब्लूस्टार को लेकर सिखों के दर्द को समझना और साथ ही अपनी राष्ट्रवादी छवि को भी बनाए रखना। मतदाता इसे सुलह के तौर पर देखते हैं या चुनावी मौकापरस्ती के तौर पर, यह पंजाब विधानसभा के अगले चुनावों से पहले की अहम राजनीतिक बहसों में से एक हो सकता है।

# सॉफ़्ट हिंदुत्व की राह पर अखिलेश



फरीद वारसी

नरेंद्र मोदी सरकार को 12 साल पूरे हो गए हैं। 2014 में प्रधानमंत्री की शपथ लेने के बाद वो लगातार 12 साल से इस पद पर हैं। वो ऐसा करने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने लगातार सबसे ज्यादा दिनों तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में जवाहर लाल नेहरू के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। इन 12 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी लगातार मजबूत हुई है। वहीं इस कार्यकाल के दौरान विपक्ष के निशाना पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रहे। उनके 12 साल के कार्यकाल को लेकर भी लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी से लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने निशाना साधा है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 12 वर्षों की गरीब–विरोधी आर्थिक नीतियों और कम्प्रोमाइज विदेश नीति ने आज देश को ऐसे हालात में ला खड़ा कर दिया है जहां लाखों गरीब परिवारों और महिलाओं को लकड़ी के जहरीले धुएं की तरफ धकेल दिया गया है। उज्ज्वला योजना में सब्सिडी वाले सिलेंडरों की संख्या 9 से घटाकर 4 कर दिया गया। उस पर पिछले 3 महीनों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 89 रुपये बढ़ा दिया गया। प्रवासी मजदूरों की जीवनरेखा, 5 किलो का सिलेंडर भी 323 रुपये महंगा कर दिया, वो कमाएगा क्या, खाएगा क्या, और बचाएगा क्या? राहुल ने आगे लिखा, अरबपति मित्रों को लाखों करोड़ों की कर्जमाफी दिलाना और गरीबों को अपनी नाकामियों का बिल थमाना, ये लूट का मोदी मॉडल है। वहीं समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों ने देश के सामने संकट पैदा किया है। महंगाई, लगातार बढ़ती जा रही है। भाजपा की केन्द्र और प्रदेश की सरकार हर मोर्चे पर फेल है। डीजल और अन्य ईंधन की कीमते बढ़ती जा रही है। यूरिया और अन्य खादों के लिए संकट की स्थिति है। खाद को लेकर भाजपा सरकार की कोई तैयारी नहीं है। किसान परेशान है. नौजवान नौकरी रोजगार के लिए भटक रहे है। भाजपा धोखेबाज पार्टी है। भाजपा ने हर वर्ग को धोखा दिया है। वहीं उपरोक्त आरोप–प्रत्यारोप के बाद अब बात उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों की तो मालूम हो कि उत्तर प्रदेश की आगामी विधानसभा जंग के लिए बिसात बिछ चुकी है और राजनीतिक दलों ने अपनी–अपनी रणनीतिक पिच को धार देना शुरू कर दिया है। सूबे का यह महामुकाबला मुख्य रूप से भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए और इंडिया गठबंधन के मजबूत स्तंभ सपा–कांग्रेस के बीच सिमटता नजर आ रहा है। हालिया सियासी घटनाक्रमों और बयानों की कड़ियों को जोड़ें तो एक बेहद दिलचस्प ट्रेंड उभर कर सामने आ रहा है, जहां भाजपा एक बार फिर अपने चिर–परिचित हार्ड हिंदुत्व के एजेंडे को हवा देकर चुनावी माहौल को गरमाने में जुटी है। इसके उलट समाजवादी पार्टी भी इस बार बेहद सतर्क है। अखिलेश यादव की पार्टी सपा हवा का रुख भांपकर सीधे टकराव से बचते हुए सॉट हिंदुत्व की राह पर कदम आगे बढ़ा रही है। ऐसे में यह तय माना जा रहा है कि यूपी फतह करने की इस महाजंग में इस बार राष्ट्रवाद, विकास और सामाजिक समीकरणों के साथ–साथ हिंदुत्व के दो अलग रंग आमने–सामने होंगे। दरअसल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा के हिंदुत्व वाली विचारधारा के वर्तमान में सबसे बड़े चेहरे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पता है कि उनकी हार्ड लाइन लोगों को प्रभावित करती रही है। ऐसे में चुनाव नजदीक आते–आते मुख्यमंत्री योगी के हार्ड हिंदुत्व की छवि उनके शब्दों में झलक रही है। मच्छर–माफिया से लेकर मदरसा–मौलाना और राम से लेकर यमराज तक के बयान हाल के दिनों में अधिक आए हैं। इन बयानों की खूब चर्चा भी है। अब बात करें समाजवादी पार्टी की तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव इस बार को ठीक से जानते हैं कि भाजपा चाहती है कि सपा वो गलतियां करे, जिससे भाजपा की हिंदुत्व की पिच मजबूत हो सके। शायद इसीलिए अखिलेश यादव उन विवादित मुद्दों से दूरी बनाए हुए हैं, जो हिंदुत्व के खिलाफ हैं। यानी एक सॉट हिंदुत्व की लाइन लेकर अखिलेश यादव चलते हुए दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में उन्होंने राम मंदिर ट्रस्ट पर चंदे में घपले का आरोप लगाकर ट्रस्ट पर सीधा हमला किया है। बीते कुछ महीनों में ध्यान से देखा जाए तो अखिलेश यादव मस्जिदों मदरसों पर हो रही कार्रवाई पर सीधी लाइन नहीं ले रहे। लेकिन स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मामले से लेकर ब्राह्मण राजनीति और इटावा में बने केदारेश्वर मंदिर से लेकर राम मंदिर तक के मामलों को उठाकर अखिलेश यादव अपनी छवि सॉट कर रहे। सपा प्रमुख पर भाजपा अल्पसंख्यकों के पक्ष में खड़े होने का लंबे समय से आरोप लगाती रही है। इसलिए



अखिलेश यादव इस लड़ाई को हिंदुत्व की पिच पर लेकर नहीं जाना चाहते। यूपी की इस बड़ी लड़ाई में फायदे नुकसान की बात करें तो भाजपा 80–20 यानी हिंदू मुस्लिम के फार्मूले पर जाकर चुनाव में अपना फ़ायदा देखती है। उसके हिसाब से लोग हिंदू होकर सोचेंगे तो भाजपा को सत्ता में वापसी की संभावनाएं ज्यादा रहेंगी। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव इसे पीडीए की तरफ लेकर जाना चाहते हैं। यानी हिंदू में पिछड़ों और दलितों के वोटों का एक बड़ा हिस्सा अगर वो अपनी तरफ खींच लें तो 10 साल बाद वो सत्ता में वापसी संभव कर सकते हैं। आंकड़ों की बात करें तो साल 2022 में अकेले भाजपा को 42.2 प्रतिशत और सपा को 32.7 प्रतिशत वोट मिले थे। यानी लगभग दोनों में 10 प्रतिशत का अंतर था। हालांकि कुछ वोट गठबंधन साथियों के भी थे, जो अब बदल चुके हैं। यानी अगर सपा के लगभग 6 फीसदी वोट बढ़ जायें और भाजपा के 5 प्रतिशत वोट कम हो जायें तो समीकरण पूरी तरह से बदल सकता है। ये तभी संभव है जब मुस्लिम और यादव के अलावा सपा को बाक़ी जातियों का भी ठीक–ठाक समर्थन मिले। माना जाता है कि यूपी में बीते लोकसभा चुनाव में संविधान को मुद्दा बनाकर मैदान में उतरी इंडिया अलायन्स को पिछड़ो, दलितों और मुस्लिमों का बड़ा समर्थन मिला था। प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में 37 पर सपा और 6 पर कांग्रेस को जीत मिली। वहीं, भाजपा को 33 से संतोष करना पड़ा था। उसकी सहयोगी आरएलडी के दो और अपना दल (एस) को एक सीट हासिल हुई थी। एक सीट पर आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आज़ाद चुनाव जीते थे। हालांकि लोकसभा के नतीजों से विधानसभा का आंकलन करना ठीक नहीं हो सकता। विधानसभा चुनावों की बात करें तो यूपी में 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भापजा को अकेले बहुमत हासिल हुआ था और उसके 255 विधायक चुनाव जीतकर सदन पहुंचे थे। हालांकि 2017 के 312 वाले प्रदर्शन से तुलना करें तो भाजपा को बड़ा नुकसान हुआ था। वहीं 2017 में 47 सीटें जीतने वाली सपा को 2022 में 111 सीटों पर जीत मिली थी। इस बार सपा पीडीए के नारे के साथ मैदान में उतरने की तैयारी में है। इसी वजह से सीएम के बयानों पर उग्र प्रतिक्रिया देने की जगह सपा संभलकर बयानबाज़ी कर रही है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव लगातार मुखर दिखाई दिए हैं। लगातार प्रेस कॉन्फ्रेंस और सोशल मीडिया के जरिए सरकार पर हमला कर रहे हैं। उनके बयानों में सीधा निशाना योगी सरकार पर रहता है लेकिन ध्यान से देखा जाये तो वो मुसलमानों के मुद्दों पर लाइन लेते हैं लेकिन थोड़ा संभलकर। यही संभलना सॉट हिंदुत्व है। जिसमें वो हर उस मुद्दे को छूने की कोशिश कर रहे हैं, जो हिंदुओं तक जाये लेकिन उसे छोड़कर धीरे से साइड हो जाते हैं, जिससे उन पर तुष्टिकरण के आरोप लगें। फिलहाल यूपी में लोग कौन सा हिंदुत्व पसंद करेंगे, ये देखना दिलचस्प होगा। क्या मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हार्ड लाइन के हिंदुत्व और विकास के एजेंडे के पक्ष में वोट पड़ेंगे या फिर अखिलेश यादव के सॉट हिंदुत्व और विकास के एजेंडे की लोग पसंद करेंगे, ये बड़ा सवाल है। धर्म, जाति और विकास, ये तीन वो मुद्दे हैं, जिनके आधार पर यूपी में वोट पड़ता है। ऐसे में विकास सत्ता और विपक्ष के बीच कॉमन मुद्दा है लेकिन जाति धर्म के मामले में दोनों के अपने अलग राग है। जनता तय करेगी कि किसका राग उसे ज्यादा अच्छा लगता है।

# उद्धव ठाकरे की इंडिया ब्लॉक को नसीहत



शबाब हुसैन

तमाम अंतरविरोधों के बीच बीते दिनों इंडिया गठबंधन की दिल्ली में बैठक हुई। बैठक में शामिल कुछ नेताओं ने दावा किया कि ये मुलाकात कामयाब रही। लेकिन इस बैठक में उद्धव ठाकरे ने वो बात छेड़ दी, जिससे गठबंधन का हर दल बचना चाहता है। गौरतलब है कि इंडिया ब्लॉक की बैठक में 25 दल शामिल हुए और सभी ने अपनी–अपनी बात रखी। इस दौरान एक बार फिर प्रधानमंत्री चेहरे का जिक्र हुआ। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई इंडिया ब्लॉक की बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान उद्धव ठाकरे ने साफ शब्दों में कहा कि साल 2029 के आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की चुनौती का मुकाबला करने के लिए गठबंधन को अभी से अपना प्रधानमंत्री पद का चेहरा तय कर लेना चाहिए, ताकि जनता के सामने स्थिति साफ रहे। उद्धव के सवाल से सवाल उठता है कि गठबंधन का चेहरा–लीडर कौन हो सकता है? ये सवाल इतना उलझा हुआ है कि इसी सवाल पर नीतीश कुमार गठबंधन से अलग हो चुके हैं। ममता बनर्जी और कांग्रेस



उलझ चुकी हैं। क्या राहुल गांधी? कांग्रेस के हालात और गठबंधन के जज्बात बदल चुके हैं। एक के बाद एक चुनावों में जिस तरह से कांग्रेस कमजोर हुई है, उसके बाद उसके नेता को गठबंधन अपना नेता मानेगा, इसपर सवाल हैं। मालूम हो कि यह किसी से छिपा नहीं है कि विपक्षी गठबंधन में सबसे ज्यादा मतभेद प्रधानमंत्री फेस को लेकर सामने आते रहे हैं। कांग्रेस और उसके कुछ सहयोगी दल राहुल गांधी का नाम आगे बढ़ाते हुए नजर आते हैं। हालांकि, कई दल राहुल गांधी के नाम पर सहमत नजर नहीं दिखते। ऐसे में इस बार भी प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन होगा? इंडिया ब्लॉक के सामने ये सबसे मुश्किल सवाल रहने वाला है। इस सवाल का जवाब इंडिया गठबंधन जितना जल्दी ढूंढ ले उतना अच्छा होगा। वहीं उद्धव ठाकरे ने गठबंधन को और अधिक मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि सभी दलों को एकजुट होकर काम करना होगा। इस आपसी तालमेल और काम को सुचारू रूप से चलाने के लिए गठबंधन में कोऑर्डिनेटर की सख्त जरूरत है। इससे सभी पार्टियों के बीच तालमेल बिठाना आसान हो जाएगा। इंडिया ब्लॉक की बैठक के दौरान शामिल कई नेताओं ने पुराने गिले–शिकवे भूलकर, बड़ा दिल दिखाते हुए और एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार को चुनौती देने का सुझाव दिया। बैठक में तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने इस बात की जोरदार पैरवी की कि गठबंधन में शामिल दलों को एक दूसरे की आलोचना करने से बचना चाहिए। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद इस गठबंधन को लेकर उनके रुख में बड़ा बदलाव आया है। बैठक में ममता और कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी के बीच गर्मजोशी भरी मुलाकात भी हुई ।सूत्रों ने बताया कि बैठक औपचारिक रूप से शुरू होने से पहले ममता ने सोनिया गांधी से करीब 10 मिनट लंबी बातचीत की। कांग्रेस ने दोनों नेताओं की एक–दूसरे को गले लगाते हुए तस्वीर भी अपने सोशल मीडिया मंच पर साझा की।

## समयावधि में पूर्ण की जाए अवैध कब्जों को हटाने की कार्यवाही : डीएम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत–नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 किमी. में सरकारी भूमि एवं नो मेन्स लैन्ड पर अवैध अतिक्रमण हटाये जाने सम्बन्धी कार्यो की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भारत–नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा की संवेदनशीलता को .ष्टिगत रखते हुए अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूर्ण पारदर्शिता, विधिसम्मत प्रक्रिया एवं समन्वित प्रयासों के साथ सुनिश्चित की जाए।



उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि एवं नो–मैन्स लैंड पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार्य नहीं होगा। ऐसे मामलों में नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। सीमा क्षेत्र में सरकारी भूमि एवं नो–मैन्स लैंड पर हुए अवैध अतिक्रमणों की अद्यतन स्थिति, राजस्व विभाग द्वारा चिन्हित अतिक्रमण स्थलों के सत्यापन एवं सीमांकन कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि सीमा सुरक्षा एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी सम्बन्धित विभाग एवं सुरक्षा एजेन्सियां बेहतर समन्वय एवं तालमेल के साथ कार्य करें। अवैध निर्माणों, अस्थायी कब्जों एवं अन्य अतिक्रमणों को हटाने हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित समयावधि में कार्रवाई पूर्ण कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। डीएम ने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान आवश्यक पुलिस बल एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने तथा कब्जामुक्त किये गये स्थानों पर दोबारा किसी प्रकार का अवैध अतिक्रमण ने होने पाये इसके लिए भी आवश्यक प्रबन्ध किये जायें। डीएम ने सीमा क्षेत्र में सरकारी भूमि की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए नियमित निरीक्षण और सतत निगरानी व्यवस्था को सु.ढ़ करने पर भी बल दिया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे सहित राजस्व, वन, एसएसबी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## सशस्त्र सीमा बल की सतर्कता से मानव तस्करी का प्रयास विफल

### - नाबालिग नेपाली बालिका को सुरक्षित बचाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। सशस्त्र सीमा बल के कुशल नेतृत्व एवं प्रभावी मार्गदर्शन में वाहिनी के कार्मिकों ने मानव तस्करी की आशंका वाले एक मामले का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए एक नाबालिग नेपाली बालिका को सुरक्षित बचाया है। 10 जून को सायं लगभग 06.20 बजे रुपईडीहा चेक पोस्ट पर नियमित जांच एवं मानव तस्करी निरोधक ड्यूटी के दौरान नेपाल से भारत आने का प्रयास कर रहे एक नेपाली युवक एवं एक नाबालिग नेपाली बालिका को संदिग्ध परिस्थितियों में रोका गया। प्रारंभिक पूछताछ में युवक ने स्वयं को बालिका का चाचा बताया, जबकि सत्यापन के दौरान उपलब्ध कराए गए संपर्क सूत्रों एवं बयानों में कई विरोधाभास पाए गए। संदेह होने पर दोनों को आगे की जांच एवं



पूछताछ हेतु कंपनी ऑपरेटिंग बेस लाया गया, जहां एएचटीयू तथा देहात एनजीओ के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में काउंसलिंग एवं सत्यापन की प्रक्रिया अपनाई गई। विस्तृत पूछताछ के दौरान यह तथ्य सामने आया कि युवक बालिका का चाचा नहीं, बल्कि उसका साथी था तथा उसे प्रेम, विवाह एवं रोजगार का प्रलोभन देकर भारत लाने का प्रयास कर रहा था। काउंसलिंग के दौरान बालिका ने अपना वास्तविक नाम रमिता नेपाली, निवासी जिला जाजरकोट, नेपाल तथा अपनी आयु लगभग 14 वर्ष बताई। नाबालिग होने, पहचान संबंधी तथ्यों में विसंगति एवं मानव तस्करी की आशंका को .ष्टिगत रखते हुए 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। समस्त आवश्यक कागजी कार्रवाई एवं काउंसलिंग पूर्ण होने के उपरांत बालिका को उसकी सुरक्षा एवं पुनर्वास सुनिश्चित करने हेतु एएचटीयू एवं नेपाल पुलिस की उपस्थिति में नेपाल के ष्शांतिपूर्ण स्थापना गृहष् को सुपुर्द किया गया, जबकि संदिग्ध युवक को आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया गया।

## मामूली विवाद में चले लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी, दो युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। चरखारी क्षेत्र में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां लाठी–डंडों और कुल्हाड़ी से हुए हमले में दो युवक घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को डायल–112 की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी में भर्ती कराया गया। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, मोहल्ला वासुदेव निवासी विकास पुत्र राघवेन्द्र सिंह (22 वर्ष) तथा सिरमौर निवासी अमित पुत्र त्रिभुवन नारायण (31 वर्ष) अपने मामा .ष्ण यादव के घर आए हुए थे। बताया गया कि गुरुवार दोपहर दोनों युवक जरौली तिगैला के पास खेत में पार्टी कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान मोहल्ला वासुदेव निवासी विक्रम सिंह ठाकुर वहां पहुंच गया और गाली–गलौज करने लगा। जब विकास ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। पीड़ितों का आरोप है कि विक्रम ने अपने कुछ साथियों को बुला लिया, जो लाठी–डंडों से लैस होकर मौके पर पहुंचे और दोनों युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। घायलों के अनुसार, इसी बीच विक्रम के पिता नारायण सिंह ठाकुर भी कुल्हाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे और हमला कर दिया। हमले में दोनों युवक घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल–112 पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।



## डीएम ने पशुधन विभाग की समीक्षा बैठक लेकर दिए निर्देश

### - अब हर गौशाला की लाइव मॉनिटरिंग की हिदायत

### - गोवंशों की आयु अनुसार बनेगी पंजिका, मृत्यु के बाद होगा ऑडिट

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की उपस्थिति में आज पशुधन विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने गोवंश संरक्षण और गौशालाओं की व्यवस्था को सु.ढ़ करने के लिए कई कड़े और नवीन दिशा–निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि अब जनपद की हर एक गौशाला की लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी, जिसके लिए जल्द ही एक अत्याधुनिक कंट्रोल रूम स्थापित होगा। उन्होंने जिला विकास अधिकारी, सभी अधिशासी अधिकारियो, पशुपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी गोवंशों की आयु के अनुसार एक विस्तृत पंजिका (रजिस्टर) तैयार की जाए। इससे गोवंशों की मृत्यु के पश्चात उनका उचित ऑडिट हो सकेगा और समय पर उनका सही उपचार सुनिश्चित किया जा सकेगा। बैठक में मानवीय .ष्टिकोण पर विशेष बल देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि घायल गौवंशों को सुरक्षित रखने के लिए गौशालाओं में जाल अवश्य लगाए जाएं, ताकि कोई भी पक्षी उन्हें नुकसान न पहुंचा सके और उन्हें किसी प्रकार की तकलीफ न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। साथ ही, गो–आश्रय स्थलों में सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए जिससे आम जनता का गोवंशों के प्रति एक मानवीय लगाव और रिश्ता कायम हो सके। गौशालाओं में दान प्रक्रिया को पारदर्शी और सुलभ बनाने के लिए अब हर गौशाला पर एक क्यूआर (फ) कोड लगाया जाएगा। इससे गोदान या अन्य किसी भी प्रकार का दान करने वाले लोगों को काफी सुविधा होगी। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने गो–उत्पादों जैसे गोबर और गोमूत्र को वाणिज्यिक (कमर्शियल) .ष्टिकोण से विकसित करने तथा उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोबर से बनने वाले उत्पादों को विभिन्न कार्यों में लाया जाए और इसे ज्यादा से ज्यादा ईंधन के रूप में प्रयोग किया जाए। समीक्षा बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि नंद बाबा दुग्ध योजना मे पिछले साल दो लाभार्थियों का चयन किया गया, जिसके तहत 25 स्वदेशी नस्ल की गायों पर 50 प्रतिशत अनुदान राशि दी जा रही है। मिनी नंदिनी दुग्ध विकास योजना में इसके अंतर्गत 8 लाभार्थियों का चयन किया गया है, जिसमें 10 स्वदेशी नस्ल की गायों पर 50 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है। जनपद में 04 वृहद संरक्षण केंद्र जिसमें 1658 गौवंश संरक्षित है जबकि 03 कान्हा गौशाला है जिसमें 1034 गौवंश संरक्षित है, 07 अस्थाई शहरी गौशाला है 774 गौवंश संरक्षित है, 34 अस्थाई ग्रामीण गौशाला जिसमें 9298गौवंश संरक्षित है। जिलाधिकारी ने अंत में कड़े निर्देश दिए कि हर गौशाला में पर्याप्त मात्रा में हरा चारा और भूसा उपलब्ध होना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने आदेश दिया कि कितना भूसा खरीदा गया (क्रय हुआ) और कितना दान में प्राप्त हुआ, इसका एक अलग और स्पष्ट रजिस्टर बनाया जाए ताकि गोवंशों के लिए चारे की उपलब्धता हमेशा सुनिश्चित रहे। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी रहे।



## बारह घंटे में हत्या का खुलासा, आरोपी भाई गिरफ्तार

### – वैदपुरा पुलिस ने आलाकत्ल ईंट, हंसिया और डंडा किया बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना वैदपुरा क्षेत्र के ग्राम अधियापुर में हुए हत्या के मामले का पुलिस ने मात्र 12 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरतार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल ईंट का टुकड़ा, एक लोहे का हंसिया तथा एक लकड़ी का डंडा बरामद किया है। जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना वैदपुरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी को गिरतार कर लिया। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार 10 जून 2026 को ग्राम अधियापुर निवासी सरला देवी ने थाना वैदपुरा में तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र सुशील नशे की हालत में घर आया और बड़े भाई शिवशंकर के बच्चों के साथ मारपीट करने लगा। इस बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर शिवशंकर ने सुशील के साथ मारपीट की तथा ईंट से उसके सिर पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से सुशील की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर थाना वैदपुरा पुलिस ने तत्काल मुकदमा संख्या 49/2026 धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम ने साक्ष्य संकलन एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर 11 जून को आरोपी शिवशंकर पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम अधियापुर को झिगरूआ रेलवे पुल के पास से गिरतार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त ईंट का टुकड़ा, एक लोहे का हंसिया तथा एक लकड़ी का डंडा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नागेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक मोहन सिंह, कांस्टेबल विपिन कुमार, कांस्टेबल नितिन कुमार एवं चालक कांस्टेबल जोनी कुमार शामिल रहे।



## सीएचसी मार्ग पर टूटा पटरा बना हादसों का कारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। नगर पंचायत डलमऊ की लापरवाही के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों हादसों को दावत देता नजर आ रहा है। तहसील गेट के सामने नाले पर रखे गए सीमेंट के पटरे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। कई स्थानों पर पटरे टूट गए हैं और उनमें लगी लोहे की सरिया बाहर निकल आई है, जिससे राहगीरों, मरीजों और तीमारदारों की जान जोखिम में पड़ गई है। यह मार्ग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता है जहां प्रतिदिन हजारों मरीज, तीमारदार, एम्बुलेंस, मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहन गुजरते हैं। इसके बावजूद नगर पंचायत प्रशासन की नजर इस गंभीर समस्या पर नहीं पड़ रही है। लंबे समय से पटरे टूटे पड़े हैं, लेकिन अब तक उनकी मरम्मत या बदलने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। लोगों का आरोप है कि यदि किसी मरीज, बुजुर्ग या बच्चे का पैर बाहर निकली सरिया में फंस जाए या कोई वाहन अनियंत्रित होकर नाले में गिर जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है। सबसे चिंता की बात यह है कि आपातकालीन स्थिति में अस्पताल पहुंचने वाली एम्बुलेंस भी इसी रास्ते से गुजरती हैं। क्षेत्रवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन से तत्काल टूटे पटरों को बदलवाने और मार्ग को सुरक्षित बनाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि किसी बड़ी दुर्घटना के बाद कार्रवाई करने के बजाय प्रशासन को पहले ही जिम्मेदारी निभानी चाहिए। अब देखना यह होगा कि नगर पंचायत डलमऊ इस गंभीर समस्या को कितनी गंभीरता से लेती है या फिर किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जाएगा।



## एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा–निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील .ष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।



## डीएम ने डूडा विभाग का किया औचक निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो


महोबा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने गुरुवार को आईजीआरएस के निस्तारण के असंतुष्ट फीडबैक के आधार पर जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की उपस्थिति पंजिका, अभिलेखों के रख–रखाव, विभिन्न योजनाओं की प्रगति तथा आमजन को प्रदान की जा रही सेवाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सहित अन्य संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और लाभार्थियों को समय से लाभ उपलब्ध कराने पर जोर दिया निरीक्षण के दौरान डीएम ने लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने परियोजना अधिकारी डूडा का वेतन रोकते हुए शिकायतकर्ता से स्वयं बात कर समस्या का वास्तविक निराकरण के लिए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचना चाहिए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कार्यालय में अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख–रखाव, साफ–सफाई तथा बेहतर कार्य संस्.ति बनाए रखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका समयबद्ध समाधान किया जाए, जिससे लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। विभागीय कार्यों में और अधिक तेजी लाने तथा शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कार्यालय के उपस्थित रजिस्टर का गहन जांच करते समय कर्मचारी सीएलपीसी (सिटी लाइवलीहुड्स प्रोग्राम को–ऑर्डिनेटर) अर्पित पांडे बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गये, इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियोंध् कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।



## बाघ के हमले से भैंस की मृत्यु, ग्रामीणों को किया सतर्क

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। गुरूवार को लगभग 12.20 बजे ग्राम पंडितपुरवा से लगभग दो किलोमीटर दूर रुपईडीहा जंगल क्षेत्र में, बॉर्डर पिलर संख्या 655 से लगभग 500 मीटर भारतीय क्षेत्र की ओर, एक बाघ ने भैंस पर हमला कर दिया। भैंस के चीखने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की ओर पहुंचे, लेकिन तब तक भैंस की मृत्यु हो चुकी थी। बाघ द्वारा भैंस के पिछले हिस्से को खा लिया गया था तथा भैंस का आधा शरीर घटनास्थल पर पाया गया। मृत भैंस ग्राम पंडितपुरवा निवासी राजित राम यादव, पुत्र राम लखन यादव की बताई गई है। घटना की सूचना प्राप्त होते ही समवाय मुख्यालय शिवपुरा से गश्ती दल तत्काल मौके पर पहुंचा तथा ग्रामीणों को जंगल क्षेत्र में विशेष सावधानी बरतने, अकेले आवागमन से बचने तथा पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं सलाह दी गई। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई तथा आवश्यक जांच एवं अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। 42 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा सभी संबंधित सीमा चौकियों एवं समवायों को बाघ की गतिविधियों पर सतत निगरानी बनाए रखने तथा किसी भी संभावित स्थिति से निपटने हेतु उच्च स्तर की सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं।



## बासी रसगुल्ले खाने से मासूम की मौत, छह अन्य बीमार

न्यूज वाणी ब्यूरो

नांगल सोती, बिजनौर। गांव जीतपुर खास में संदिग्ध रूप से खराब हो चुकी मिठाई खाने से एक ही गांव के सात लोगों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को उल्टी, दस्त और पेट में तेज दर्द की शिकायत होने पर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। उपचार के दौरान दो वर्षीय बालक की मौत हो गई, जबकि अन्य लोगों का इलाज कराया गया। बताया जाता है कि गांव की एक महिला कुछ दिन पूर्व एक शादी समारोह से मिठाई लेकर आई थी। घर में रखी मिठाई को बाद में परिवार के सदस्यों और पड़ोस के कुछ लोगों ने खा लिया। मिठाई खाने के कुछ समय बाद ही लोगों की तबियत बिगड़ने लगी। हालत खराब होने पर परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। उपचार के दौरान दो वर्षीय देव कुमार की मौत हो गई। मासूम की मौत से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं अन्य प्रभावित लोगों की हालत में सुधार बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में खराब या बासी मिठाई खाने से फूड प्वाइजनिंग की आशंका जताई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## सर्राफा व्यापारियों के साथ सीओ सिटी की बैठक आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। सर्राफा वेलफेयर एसोसिएशन (रजि) के पदाधिकारियों की सीओ सिटी कपूर कुमार से शिष्टाचार हुई, जिसमे एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सर्राफा व्यवसाय से संबंधित सुरक्षा एवं बाजार के अन्य विषयों पर चर्चा हुई जिसमें एसोसिएशन के संस्थापक सुशील अग्रवाल जिलाध्यक्ष मनीष मिश्रा रिंकू, महामंत्री पालु



रस्तोगी, कोषाध्यक्ष अनूप सोनी, मंत्री शिवांशु रस्तोगी मोनू, विनीत वर्मा नगर अध्यक्ष कारीगर एसोसिएशन, संदीप रस्तोगी, शिवम् रस्तोगी आदि लोग उपस्थित थे। पूर्व में नमक मंडी शिव मंदिर प्रांगण में सीतापुर सर्राफा वेलफेयर एसोसिएशन ने पदाधिकारियो व कारीगर भाइयों की बैठक आयोजित की गई सर्राफा कारीगरों की आवाज बुलंद करने हेतु सर्वसम्मति से विनीत वर्मा को कारीगरों का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सर्वसम्मति से सराफा व्यापारियों के हित में विजय रस्तोगी गुड्डू का संगठन मंत्री के पद का त्याग पत्र एसोसिएशन द्वारा स्वीकार कर उन्हें पदमुक्त कर दिया गया।

## जिले में तीन स्थानों पर हुआ बाढ़ राहत व बचाव कार्यों का पूर्वाभ्यास

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जनपद में संभावित बाढ़ आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने तथा राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों को परखने के लिए जनपद के तीन तहसीलों कैसरगंज, नानपारा व महसी में व्यापक मॉक ड्रिल (पूर्वाभ्यास) आयोजित किया गया। अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा



की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना तथा प्रभावित लोगों को त्वरित राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्थाओं का परीक्षण करना है। मॉकड्रिल मे तहसील महसी के ग्राम बौण्डी स्थित रामघाट सिलौटा मे अचानक बाढ़ का पानी आने से गांव खाली कराने व प्रभावितों को बाढ़ शरणालय ले जाने का अभ्यास किया गया। तहसील कैसरगंज के ग्राम तप्पेसिपाह (घाघराघाट) पर अचानक नाव पलटने तथा एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार हेतु पीड़ित को स्वास्थ्य केन्द्र ले जाने का अभ्यास किया गया। तहसील नानपारा के ग्राम बौण्डी में पूर्वाभ्यास के दौरान बाढ़ का पानी तेजी से आबादी क्षेत्र में प्रवेश करने की स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों एवं बाढ़ शरणालयों तक पहुंचाने, चेतावनी संदेशों का प्रसारण कराने, राहत शिविर स्थापित करने तथा प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की कार्यवाही की गयी। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बौण्डी में मेडिकल कैम्प स्थापित कर प्रभावित व्यक्तियों के उपचार की व्यवस्था का परीक्षण किया गया साथ ही पशुओं के लिए चारा उपलब्ध कराने और राहत सामग्री वितरण की व्यवस्थाओं का भी पूर्वाभ्यास किया गया। ग्राम बौण्डी, तहसील नानपारा में नदी के टापू पर फंसे किसानों को सुरक्षित निकालने, उन्हें बाढ़ शरणालय तक पहुंचाने, राहत सामग्री वितरण, स्वास्थ्य परीक्षण तथा पशुओं के लिए चारा उपलब्ध कराने जैसी गतिविधियों का अभ्यास किया गया। इस मॉकड्रिल कार्यक्रम मे जनपद के सभी सम्बन्धित विभागों का पूर्ण सहयोग रहा। प्रशासन का मानना है कि इस मॉकड्रिल से आपदा प्रबंधन तंत्र की तैयारियों का आकलन होगा तथा वास्तविक बाढ़ की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं त्वरित बनाया जा सकेगा।

## साइंस घर में गिलक्रिस्ट ने सिस्मोग्राफ मॉडल का किया प्रस्तुत

न्यूज वाणी ब्यूरो



सिरसागंज, फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में समर में जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें ग्यारवें दिवस पर कक्षा बारह के छात्र गिलक्रिस्ट ने अपने सिस्मोग्राफ मॉडल के प्रस्तुतिकरण में बताया कि सिस्मोग्राफ मॉडल का उपयोग भूकंप के दौरान धरती में होने वाले कंपन और भूकंपीय तरंगों को मापने व रिकॉर्ड करने के लिए किया जाता है। यह जमीन की हलचल का सटीक ग्राफ तैयार करता है, जिससे भूकंप की तीव्रता और उसके केंद्र का पता लगाया जाता है। इसमें एक संवेदक, एक भारी द्रव्यमान बोल्ट लगा है। इस मॉडल का मुख्य ढांचा पृथ्वी की सतह से मजबूती से जुड़ा होता है। जब भूकंप आता है और जमीन हिलती है, तो फ्रेम और उसके साथ जुड़ा ड्रम भी हिलने लगता है। अश्वनी कुमार जैन ने गिलक्रिस्ट के सिस्मोग्राफ मॉडल के रचनात्मक एवं क्रियाशील प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने गिलक्रिस्ट को उनके मॉडल में नवाचार के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि साइंस घर में प्रतिदिन विद्यार्थी अपने नवाचार मॉडलों का प्रस्तुतिकरण करेंगे। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत खीरी के नोटिस पर उठा सवाल

## - अतिक्रमण का जिम्मेदार कौन, भूस्वामी या विभाग?

न्यूज वाणी ब्यूरो

खीरी। नगर पंचायत खीरी द्वारा हाल ही में जारी किए गए नोटिस ने शहर में हड़कंप मचा दिया है। तालाब की भूमि पर अतिक्रमण का हवाला देकर कई निवासियों को निर्माण हटाने का निर्देश दिया गया है। लेकिन अब इस मामले में पीड़ित निवासियों ने नगर पंचायत और राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकारी तंत्र की मिलीभगत या लापरवाही? नोटिस मिलने के बाद प्रभावित निवासियों का कहना है कि जब वे अपने मकानों का निर्माण कर रहे थे, तब नगर पंचायत प्रशासन ने उन्हें क्यों नहीं रोका? अब वर्षों बाद अतिक्रमण की बात कहकर नोटिस जारी करना प्रशासन की कथनी और करनी पर प्रश्नचिह्न लगाता है। प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वी.ति पर भी उठे सवाल सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि जिन मकानों को आज अवैध बताया जा रहा है, उनमें से कई पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्य हुआ है। निवासियों का तर्क है कि प्रधानमंत्री आवास स्वी.त होने से पहले राजस्व लेखपाल द्वारा भूमि की गहन जाँच की जाती है। लेखपाल की सकारात्मक रिपोर्ट के बाद ही सरकार ने आवास के लिए बजट स्वी.त किया। यदि यह भूमि तालाब की थी, तो उस समय लेखपाल ने उसे आवासीय श्रेणी में कैसे दिखाया? और नगर पंचायत ने आवास निर्माण की अनुमति कैसे दी? सिर्फ भूस्वामी नहीं, जिम्मेदार अधिकारी भी घेरे में इस मामले में केवल भूस्वामियों को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस प्रकरण में राजस्व लेखपाल और नगर पंचायत के उन कर्मचारियों की मिलीभगत या घोर लापरवाही शामिल है, जिन्होंने बिना सही जाँच किए दाखिल–खारिज की प्रक्रिया पूरी की और प्रधानमंत्री आवास स्वी.त कराए। अब जब प्रशासनिक कार्रवाई का चाबुक चलने की बात हो रही है, तो सवाल यह उठता है कि क्या केवल गरीब भूस्वामी ही बलि का बकरा बनेंगे, या उन सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों पर भी कार्रवाई होगी, जिनकी गलत रिपोर्ट और अनदेखी के कारण आज यह स्थिति उत्पन्न हुई है? प्रशासन की चुप्पी इस पूरे मामले में नगर पंचायत प्रशासन अभी भी चुप्पी साधे हुए है। क्षेत्र में चर्चा का विषय है कि क्या प्रशासन अपने ही विभाग की गलतियों को सुधारने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगा, या केवल नोटिस का दबाव बनाकर आम जनता को परेशान किया जाएगा।

# समाजसेवी सुमित शुक्ला ने सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। गुरुवार को समाजसेवी सुमित शुक्ला सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के आवास पहुंच कर विधायक को ज्ञापन सौंपकर पर्यावरण संरक्षण के .ष्टिकोण से ग्रामीण नागरिकों को पौधे उपलब्ध कराने तथा वृक्षारोपण में बढ़ चढ़ कर भाग लेने वालों को प्रोत्साहित करने जैसे कार्यक्रमों को करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्तमान में बांदा जनपद की गर्मी की तपिश ने जनपद को विश्व में चर्चा का विषय बना दिया है तथा आम नागरिकों को भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सोचने पर मजबूर कर दिया है ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार घटती वृक्षों की संख्या तथा वृक्षारोपण की धीमी रतार भविष्य को लेकर चिंता पैदा करती हैं इसलिए ग्रामीण लोगों विशेषकर युवाओं को उनके घरों तक प्रशासन द्वारा पौधे पहुंचाने जागरूकता लाने तथा वृक्षारोपण में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेने वाले लोगों को सम्मानित करने की आवश्यकता है अगर प्रशासन इन बिन्दुओं पर ध्यान दें तो समाज को ऊर्जा तथा इस दिशा पर काम करने पर बल मिलेगा समाजसेवी सुमित नये पौधे रोपित करने व उन्हें तैयार करने का प्रयास करना चाहिए आज इस उद्देश्य के साथ मैंने विधायक से ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि एक बनने वाले लोगों को सम्मानित किया जायें तो इस दिशा में व्यापक जागरूकता बढ़ेगी तथा तय लक्ष्य आसानी से हासिल किया जा सकता है सदर विध



शुक्ला ने बताया कि इस बार की गर्मी की तपिश ने सभी को पेड़ नदी तालाब पहाड़ जंगल के अस्तित्व पर खतरा मतलब खुद का अस्तित्व संकट में जैसा अनुभव कराने का प्रयास किया है इसलिए हम सब की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि पेड़ों की अधाधुंध कटाई को रोकते हुए व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा लाखों पौधे लगाने के बाद उनकी सही से देखभाल नहीं हो सकती तथा उनमें अधिकांश पौधे नष्ट हो जाते हैं परन्तु एक व्यक्ति दो पांच पौधे आसानी से लगाकर तैयार कर सकता है अगर उनके पास पौधे उपलब्ध कराते हुए इस पुनीत कार्य का हिस्सा ाायक ने पूरी समस्या को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया तथा पौधे उपलब्ध कराकर वृक्षारोपण कार्य में सहयोग का पूर्ण भरोसा दिया। इस दौरान समाजसेवी सुमित शुक्ला शिवम द्विवेदी अमित शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बारिश से पहले नाला सफाई पर नगर निगम की सख्ती, अपर नगर आयुक्तों ने किया व्यापक निरीक्षण

(संवाददाता) लखनऊ। मानसून के मद्देनजर जलभराव की समस्या से निपटने के लिए



नगर निगम ने नाला सफाई अभियान में तेजी ला दी है। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर गुरुवार को अपर नगर आयुक्त अभिनव रंजन श्रीवास्तव और अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे नाला सफाई कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने सफाई कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।जोन–7 क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने मिनी स्टेडियम के पास स्थित नाले, सेक्टर–25 से गुजरने वाले नाले तथा शक्तिनगर ढाल के समीप बैरल संख्या–3 का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी नालों की सफाई तली झाड़ तक सुनिश्चित की जाए ताकि बरसात के दौरान जल निकासी में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर नालों की कवरिंग की गई है, वहां कवर हटाकर पूरी तरह सफाई कराई जाए और कार्य पूर्ण होने के बाद कवर को व्यवस्थित ढंग से पुनः स्थापित किया जाए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों की भागीदारी पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में सफाई कार्य कराया जा रहा है, वहां कम से कम दो स्थानीय नागरिकों से कार्य की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया जाए और उसका रिकॉर्ड भी संधारित किया जाए। साथ ही नालों से निकाली गई सिल्ट को तत्काल हटाने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में उसे सड़क या नाले के किनारे लंबे समय तक न छोड़ा जाए।वहीं अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव ने जोन–8 क्षेत्र में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। उन्होंने परिवहन नगर स्थित एस.एस. पैलेस से शहीद पथ, इसरार क्रेन सर्विस से एच.पी. पेट्रोल पंप, पार्किंग स्थलों के सामने स्थित नालों और यूनिक पब्लिक स्कूल से स्प्रिंग डेल मोड़ तक चल रहे सफाई कार्यों की समीक्षा की। इसके अलावा रजनीखाण्ड, रतनखाण्ड, रत्नागिरी कॉम्प्लेक्स, आवासीय विद्यालय क्षेत्र, लोकबंधु चौराहा, एलडीए पार्किंग, शनि मंदिर, अंबेडकर भवन, लोहिया विधि संस्थान, शक्ति चौराहा, विधि विश्वविद्यालय गेट तथा सीआरपीएफ क्षेत्र के आसपास चल रहे नाला सफाई कार्यों का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डॉ. राव ने कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त चौंबरों का संज्ञान लेते हुए उनके पुनर्निर्माण के निर्देश अधिशासी अभियंता को दिए। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई केवल औपचारिकता न होकर पूरी गुणवत्ता के साथ की जानी चाहिए ताकि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिल सके।नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर के सभी जोनों में नाला सफाई कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है और जहां भी लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम का उद्देश्य मानसून से पहले जल निकासी व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त कर शहरवासियों को जलभराव की समस्या से राहत दिलाना है।

# अज्ञात ट्रक की टक्कर से कार चालक की मौत, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

(संवाददाता) लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में रायबरेली रोड पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसा गुरुवार सुबह फुलवरिया मोड़ के पास हुआ, जहां अज्ञात ट्रक की टक्कर से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।पुलिस के अनुसार गुरुवार सुबह करीब छह बजे फुलवरिया मोड़, रायबरेली रोड पर सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। जांच में पता चला कि हरदोई जनपद के रेलवेगंज क्षेत्र निवासी आशुतोष मिश्रा अपनी वैगनआर कार से रायबरेली की ओर से लखनऊ आ रहे थे।स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि रास्ते में उनकी कार को किसी अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार क्षतिग्रस्त हो गई और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज पहुंचाया गया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें ट्रामा सेंटर, पीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई।मृतक की पत्नी नीलम द्वारा दी गई लिखित तहरीर के आधार पर थाना मोहनलालगंज में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना से जुड़े साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा अज्ञात ट्रक और उसके चालक की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि वाहन चालक की पहचान होते ही उसके विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बिना नंबर प्लेट लगे वाहनों के खिलाफ चला सघन चेकिंग अभियान

### – कई वाहनों पर हुई कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। डलमऊ क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट और ओवरलोड वाहनों की लगातार हो रही आवाजाही के खिलाफ गुरुवार को परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। एआरटीओ के नेतृत्व में चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान कई वाहनों की जांच की गई, जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।



जांच के दौरान अधिकारियों ने पाया कि डलमऊ क्षेत्र में बड़ी संख्या में बिना नंबर प्लेट और ओवरलोड डंपर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए एक पिकअप वाहन, दो ट्रक और अन्य संदिग्ध वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। संबंधित वाहनों को सीज कर डलमऊ कोतवाली भेज दिया गया, जहां उन्हें थाने परिसर में खड़ा कराया गया। एआरटीओ विभाग की इस कार्रवाई की सूचना मिलते ही अन्य वाहन चालकों में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। कई चालक अपने वाहनों को लेकर वैकल्पिक रास्तों की ओर निकल गए, जबकि कुछ वाहन मौके से गायब हो गए। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना नंबर प्लेट, ओवरलोडिंग और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। विभाग का कहना है कि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ऐसे वाहनों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी।

## बच्ची को धमकाने वाला अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। बीते सात जून को दिन में वादिया की पुत्री मस्जिद में लगे ठंडे पानी के वाटर कूलर से पानी भरने के लिए गई थी, तभी मस्जिद में प्रतिवादी जाकिर हाफिज ने पुत्री को अकेला देखकर जबरन पकड़ लिया और मुँह दबाकर अपने कमरे में ले गया और जबरदस्ती गलत काम किया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। तहरीर के आधार पर थाना रामगढ़ पर मु0अ0सं0 359/26 धारा 65(1),351(2),115(2) बीएनएस व 5/6 पॉक्सों एक्ट पंजी.त किया गया। थाना रामगढ़



पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की गिरतारी हेतु संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी। प्रकरण में वांछित अभियुक्त की गिरतारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि जाकिर हाफिज कहीं भागने की फिराक में है। पुलिस टीम द्वारा प्रभावी दबिश दी गयी जिसमें पुलिस को नजदीक आता हुआ देखकर अभियुक्त हाफिज जाकिर द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम के ऊपर फायर कर दिया गया। थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से अभियुक्त घायल हो गया। घायल अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस व 02 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त थाना रामगढ़ पर पंजी.त मु0अ0सं0 359/2026 धारा 65(1), 351(2), 115(2) बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया है।

## साइंस घर में नीलेश ने कार्बन कैप्चर यंत्र मॉडल किया प्रस्तुत

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में समर में जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें दशम दिवस पर कक्षा 12 के छात्र



नीलेश कुमार ने अपने कार्बन कैप्चर यंत्र मॉडल के प्रस्तुतिकरण में बताया कि कार्बन कैप्चर यंत्र एक ऐसी तकनीक है जो वायुमण्डल में उपस्थित कार्बन डाइऑक्साइड गैस को पकड़कर उसे वातावरण में फैलने से रोकती है। यह तकनीक जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह यंत्र पंखे की सहायता से हवा को अंदर खींचता है, हवा में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड को फिल्टर द्वारा अवशोषित कर ली जाती है। शुद्ध हवा वातावरण में वापिस छोड़ दी जाती है। अश्वनी कुमार जैन ने नीलेश कुमार के कार्बन कैप्चर यंत्र के रचनात्मक एवं क्रियाशील प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने नीलेश को उनके मॉडल में नवाचार के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि साइंस घर में प्रतिदिन विद्यार्थी अपने नवाचार मॉडलों का प्रस्तुतिकरण करेंगे। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# गंगा नदी में डूबने से युवक की मौत

**– इकलौते पुत्र के निधन से परिवार में मचा कोहराम**

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम कुरसेना निवासी एक युवक की बनारस में गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुरसेना निवासी 22



वर्षीय अभिषेक यादव पुत्र योगेश कुमार यादव बनारस में रहकर एक निजी कंपनी में कार्यरत था। बताया गया है कि वह अपने दोस्तों के साथ गंगा नदी में स्नान करने गया था। स्नान के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस एवं आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। काफी प्रयास के बाद युवक को नदी से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी दोस्तों द्वारा परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य एवं गांव के कई लोग बनारस के लिए रवाना हो गए। इकलौते पुत्र की असमय मौत से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। युवक की मौत की खबर गांव पहुंचते ही शोक की लहर फैल गई। ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने परिवार के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# लोकमाता अहिल्याबाई जयंती पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन

**- हास्य, व्यंग्य और राष्ट्रभक्तिकी रचनाओं से देर रात तक गूंजता रहा सभागार**

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। धनगर जागृति फाउंडेशन के तत्वावधान में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती के उपलक्ष्य में नगर के एक मैरिज होम में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवपाल सिंह यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कवि सम्मेलन का आरंभ कवयित्री संगीता पाल द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद देश के विभिन्न जनपदों से आए कवियों ने अपनी उत्.ष्ट रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार, सामाजिक सरोकार और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। लखनऊ के व्यंग्यकार रामनरेश पाल ने चुनावी माहौल पर आधारित अपनी व्यंग्यात्मक रचना प्रस्तुत कर श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। उनकी प्रस्तुति पर सभागार तालियों और ठहाकों से गूंज



उठा। कासगंज के डॉ. रामप्रकाश पाल 'पैथिक' ने बेटियों के महत्व पर आधारित भावपूर्ण कविता सुनाकर उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। मथुरा के कवि रूपेश धनगर ने प्रेम और जीवन के विभिन्न पहलुओं पर आधारित गीत प्रस्तुत कर सराहना प्राप्त की। वहीं लखीमपुर खीरी के कवि पवन पाल ने राष्ट्रहित और सामाजिक चेतना से ओतप्रोत रचना प्रस्तुत कर श्रोताओं में देशभक्ति का उत्साह भर दिया। कवि अर्जेंट सिंह ने सामाजिक विसंगतियों और मानवीय संवेदनाओं पर केंद्रित प्रभावशाली कविता प्रस्तुत की। इसके अलावा टूंडला के दिलीप बघेल, फिरोजाबाद की गीतकार सौदामिनी तथा कार्यक्रम संयोजक एवं गीतकार रवि पाल ने भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि शिवपाल सिंह यादव ने सभी आमंत्रित कवियों को पटका एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनुज मोंटी एवं हेमंत पाल सिंह बघेल ने आयोजन की सराहना करते हुए धनगर जागृति फाउंडेशन एवं पाल समाज के पदाधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. बृजेश यादव, अनिल प्रताप सिंह यादव, विश्वनाथ प्रताप सिंह उर्फ सोनू, राहुल गुप्ता, अजेंद्र सिंह गौर, जितेंद्र मोना यादव, रामवीर सिंह, सुरेंद्र धनगर, खन्ना यादव, नवीन धनगर, गोपाल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार धनगर ने किया।

# शराब ठेका बस्ती से दूर करने की मांग, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने डीएम को लिखा पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने तिन्दवारी क्षेत्र के दौरे के उपरान्त जिलाधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि जनसंपर्क के दौरान मुझे कस्बा तिंदवारी के मोहल्ला प्रेम नगर, सब्जी मंडी के निवासियों ने अवगत कराया है कि इस बस्ती के मार्ग में शराब का ठेका चल रहा है जिससे मोहल्ला की महिलाओं एवं स्कूल जाने वाली छात्राओं के लिए शराबियों की छीटाकशी का सामना करना पड़ता है, इससे परेशान मोहल्लावासियों ने



गत वर्ष से प्रार्थना पत्र दिए हैं तथा 20 मई को जिलाधिकारी को भी प्रार्थना पत्र दिया गया है, अभी तक कोई सुनाई नहीं हुई है ऐसा मोहल्ला वासियों ने बताया है। न्यायहित व जनहित में यदि बस्ती से इस शराब ठेके को दूर अन्यत्र शहर से बाहर स्थानांतरित कर दिया जाए तो मोहल्ला के लोगों खासकर महिलाओं, छात्राओं को राहत मिल जाएगी।

# अधिवक्ताओं से संवाद कार्यक्रम में सरकार की उपलब्धियों पर हुई चर्चा

**- कानून-व्यवस्था, विकास व सुशासन को बताया 12 वर्षों की बड़ी उपलब्धि**

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून तक संचालित व्यापक जनकल्याण एवं जन–जागरूकता अभियान के अंतर्गत कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में अधिवक्ताओं से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं एवं बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि लोकतंत्र में संवाद और समीक्षा का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने अपने 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों और भावी सुधारों पर चर्चा के लिए समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून–व्यवस्था, सुरक्षा और विकास का सकारात्मक वातावरण बना है तथा सरकार राष्ट्र की सांस्.तिक एवं आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र रक्षा, आधारभूत संरचना विकास, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण और सुशासन के क्षेत्र में किए गए कार्यों ने देश को नई दिशा प्रदान की है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राजस्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव कुमार दुबे ने कहा कि वर्तमान समय में कानून–व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था पहले की तुलना में अधिक मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग अब देर रात तक सुरक्षित आवागमन कर सकते हैं। आतंकवाद पर प्रभावी नियंत्रण और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से आमजन को व्यापक लाभ मिला है। सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री अरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार की जनहितकारी नीतियों का प्रभाव प्रशासनिक कार्यप्रणाली में भी दिखाई देता है। उन्होंने प्रशासन द्वारा जनसमस्याओं के



त्वरित समाधान की सराहना करते हुए कहा कि इससे लोगों का विश्वास मजबूत हुआ है। जिला बार एसोसिएशन के महामंत्री नितिन तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुरक्षा और सुशासन के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून–व्यवस्था की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है तथा देश की सीमाएं पहले से अधिक सुरक्षित हुई हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सुरक्षा व्यवस्था, सांस्.तिक विरासत के संरक्षण, किसानों के लिए विद्युत व्यवस्था में सुधार, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सकारात्मक प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, अपर जिलाधिकारी विपिन कुमार, जिला शासकीय अधिवक्ता, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पुल के पास बेखौफ बालू का अवैध खनन

**– 200 मीटर दूर से ट्रैक्टरों से चोरी, पुल की सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे पर बने पुल के पास अवैध बालू खनन का खेल बेखौफ चल रहा है। ट्रैक्टरों से दिन–रात बालू की चोरी की जा रही है। हैरानी की बात है कि खनन माफिया पुल से महज 200 मीटर की दूरी पर ही बालू खोद रहे हैं, जिससे भविष्य में पुल की नींव को खतरा हो सकता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि .षि विश्वविद्यालय चौकी क्षेत्र में यह अवैध कारोबार खुलेआम हो रहा है। सूत्रों की मानें तो बालू चोरों के चौकी इंचार्ज से मधुर संबंध हैं, जिसके चलते कार्रवाई नहीं हो रही। नियमों के मुताबिक किसी भी पुल के 500 मीटर के दायरे में खनन प्रतिबंधित है। बावजूद इसके




एक्सप्रेस–वे पुल से 200 मीटर दूर ही जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर बालू निकाली जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि नदी की तलहटी से लगातार बालू निकलने से पुल के पिलर कमजोर हो सकते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि जिला प्रशासन और खनिज विभाग तत्काल मौके का निरीक्षण कर अवैध खनन पर रोक लगाए। साथ ही पुल की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है।

# सांसद ने प्रबुद्धजनों व कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**– केन्द्र सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने पर हुआ कार्यक्रम**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा उनके कार्यकाल के अवसर पर जिले के सांसद डॉ. आनंद गौड़ ने क्षेत्र के प्रबुद्धजनों एवं कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने का संदेश दिया। रूपईडीहा में हुए कार्यक्रम में सांसद डॉ. आनंद गौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और संकल्प का प्रतीक बनी भाजपा सरकार ने पिछले 12 वर्षों में देश के विकास की मजबूत नींव रखी है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल सम्मान तक सीमित नहीं है, बल्कि जनसंपर्क बढ़ाने तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का भी एक प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में .पाराम वर्मा, आदर्श नगर पंचायत रूपईडीहा के अध्यक्ष डॉ0 उमाशंकर वैश्य, प्रमुख नवाबगंज जेपी सिंह, कोतवाल रूपईडीहा रमेश सिंह रावत सहित कई गणमान्य एवं प्रबुद्धजन मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल एवं ऐतिहासिक कार्यकाल के उपलक्ष्य में समाजसेवी अरविंद शुक्ला को अंगवस्त्र एवं केंद्र तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित साहित्य भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए समाज के विभिन्न वर्गों के सहयोग और सहभागिता पर बल दिया।

# जेईई-एडवांस में साद शकील की शानदार सफलता, नाम किया रोशन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नानपारा के होनहार छात्र साद शकील ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई–एडवांस में शानदार प्रदर्शन कर ऑल–इंडिया रैंक हासिल की है। उनकी इस बड़ी उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे नानपारा क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। साद की सफलता को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि साद शकील ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर यह मुकाम हासिल किया। सीमित संसाधनों के बावजूद लक्ष्य के प्रति अडिग रहकर की गई तैयारी ने उन्हें सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही घर–परिवार में जश्न का माहौल बन गया, वहीं शिक्षकों और शुभचिंतकों ने बधाइयों का तांता लगा दिया। स्थानीय शिक्षकों का कहना है कि साद शुरू से ही मेहनती और लगनशील छात्र रहे हैं। पढ़ाई के प्रति उनका समर्पण और समय का सही प्रबंधन उनकी सफलता की सबसे बड़ी वजह बना। क्षेत्रवासियों ने भी साद की उपलब्धि को नानपारा के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि ऐसे परिणाम भविष्य के छात्रों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देंगे। साद शकील की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है

# विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद की कार्यकारिणी घोषित

न्यूज वाणी ब्यूरो/रामगांव, बहराइच। क्षेत्रीय, प्रांतीय व राष्ट्रीय अध्यक्ष के अनुमोदन उपरांत जिलाध्यक्ष पंडित पुंडरीक पाण्डेय ने जिले के कोने कोने से प्रबुद्ध, कर्मठ, संभ्रांत, अनुभवी व वयोवृद्ध विप्रों, साधु–संतों महंतों, धर्माचार्यों, धर्मनिष्ठ वैदिक विद्वानों, सक्रिय समाजसेवियों, कुशल वक्ताओं, विद्वानों, साहित्यकारों, शिक्षाविदों, विविध क्षेत्रों की सम्मानित हस्तियों, धुरंधर महारथियों, तत्वज्ञ, जानकार, विशेषज्ञों,कानूनविद अधिवक्ताओं, सुशिक्षित संस्कारी युवाओं व मीडिया से जुड़े सामाजिक कार्यों व दायित्वों के प्रति समर्पित लोगों को दी खास तरजीह।

# ठगी के शिकार तीन पीड़ितो के खातों में डेढ़ लाख रुपए कराए वापस

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के निकट पर्यवेक्षण एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम मेविस टॉक के नेतृत्व में साइबर क्राइम पुलिस




थाना टीम द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए ई–चालान के नाम पर एपीके फाइल डाउनलोड कराकर ठगी के शिकार हुए 03 पीड़ितों के खाते में कुल 1,50 836 रुपए सफलतापूर्वक वापस कराई गई। गौरतलब हो कि साइबर अपराधियों द्वारा मोबाइल फोन पर कॉल, एसएमएस वाट्सएप संदेश अथवा अन्य सोशल मीडिया माध्यमों के जरिए वाहन स्वामियों/चालकों से संपर्क कर उन्हें बताया जाता है कि उनके वाहन का ई–चालान लंबित है साथ ही जुर्माना जमा न करने पर वाहन जब्त किए जाने अथवा अन्य कानूनी कार्यवाही किए जाने का भय दिखाया जाता है। इसके बाद ई–चालान देखने अथवा उसका भुगतान करने के लिए एक एपीके लिंक भेजकर एपीके फाइल डाउनलोड करने हेतु प्रेरित किया जाता है। एपीके फाइल डाउनलोड होते ही साइबर अपराधी पीड़ित के मोबाइल फोन का नियंत्रण प्राप्त कर लेते हैं तथा बैंक खाते, यूपीआई, नेट बैंकिंग, ओटीपी एवं अन्य गोपनीय जानकारियों तक पहुंच बनाकर खातों से धनराशि निकाल लेते हैं। इसी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार हुए थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के तीन पीड़ितों मनोज कुमार पुत्र चन्द्रभान, रिषभ कुमार पुत्र राकेश कुमार व मो0 इबरार द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम को प्रभावी कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के क्रम में साइबर क्राइम पुलिस थाना बांदा की टीम द्वारा प्राप्त सभी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंकिंग संस्थाओं, वित्तीय पोर्टलों एवं अन्य तकनीकी माध्यमों व विभागों से समन्वय एवं प्रभावी पत्राचार के माध्यम से साइबर ठगी में फंसी धनराशि को होल्ड/फ्रीज कराते हुए कुल 150836 की धनराशि तीनों पीड़ितों के खातों में सफलतापूर्वक वापस कराई गई। सभी आवेदकों/पीड़ितों द्वारा अपनी धनराशि वापस पाने पर पुलिस टीम की सराहना करते हुए ह्रदय से धन्यवाद दिया गया। पुलिस द्वारा आमजन से अपील करती है कि किसी भी अज्ञात लिंक, कॉल, मैसेज अथवा ऑनलाइन निवेश संबंधी प्रलोभन अथवा डर एवं भय उत्पन्न करने वाले संदेशों, कॉलों के प्रभाव में न आएं। किसी भी भ्रामक अथवा भय उत्पन्न करने वाले संदेशो पर प्रतिक्रिया देने से पूर्व सत्यापन अवश्य करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा निकटतम साइबर थाना व पुलिस कार्यालय में शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस टीम में सुखराम सिंह प्र0नि0 साइबर क्राइम पुलिस थाना, उ0नि0 प्रदीप कुमार सिंह, कां0 धर्मेन्द्र कुमार, कां0 हिमांशु वर्मा, कां0 ललित कुमार, म0कां0 ज्योति उपाध्याय शामिल रहे।

# शादी में गया परिवार, पीछे से लाखों की चोरी

न्यूज वाणी ब्यूरो/स्योहारा, बिजनौर। गांव रवाना शिकारपुर में अज्ञात चोरों ने एक बंद पड़े मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। घटना उस समय हुई जब मकान मालिक परिवार सहित एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गया हुआ था। वारदात की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। पीड़ित हाजी अय्यूब अंसारी के अनुसार वह अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में गए थे। इसी बीच चोरों ने मकान के ताले तोड़कर घर में प्रवेश किया और अलमारी व अन्य स्थानों में रखी करीब दो लाख रुपये की नकदी तथा सोने–चांदी के आभूषण समेट लिए। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग छह लाख रुपये बताई जा रही है। बताया गया कि देर रात कुछ ग्रामीणों को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई दीं। शोर सुनकर बदमाश मौके से बाइक पर सवार होकर भाग निकले। ग्रामीणों ने उनका पीछा किया, लेकिन आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। पीछा करने के दौरान बदमाशों की एक बाइक जंगल क्षेत्र में लावारिस हालत में मिली, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। मामले के खुलासे के लिए पुलिस ने कई टीमों को सक्रिय किया है। एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, रतमलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगाये जाते है एवं काम की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आवास-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद | जी.टी. रोड, फतेहपुर | MBBS, (H) P.M.P
हाजी खलीक अहमद जाफरी | सम्पादक कारखाने हक | 9415065213
एफ.ए.जाफरी | D.R. (Opt.) | 7379440876

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर उद्यमी संवाद कार्यक्रम आयोजित

## - स्वरोजगार योजनाओं से हजारों युवाओं को मिला रोजगार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून 2026 तक संचालित व्यापक जनकल्याण एवं जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में उद्यमी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है और देश विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देश के अनेक स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान मिली है। बनारस की साड़ी और फिरोजाबाद की चूड़ियों की तरह इटावा के अंगोछा, बेडशीट एवं खीरमोहन को भी नई पहचान प्राप्त हुई है, जिससे स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को रोजगार के नए अवसर मिले हैं। उन्होंने युवाओं से स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग की योजनाएं युवाओं को



आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। विधायक ने कहा कि ऑनलाइन व्यापार और डिजिटल प्लेटफॉर्म युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर लेकर आए हैं। सरकार द्वारा संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में आत्मविश्वास का वातावरण बना है और युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के पर्याप्त अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) टूलकिट एवं प्रशिक्षण योजना के तहत मार्च 2014 से मार्च 2026 तक लगभग 2,000 लाभार्थियों को सिलाई–कढ़ाई का प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरित की गई है। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत 5,805 लाभार्थियों को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया गया है। वहीं ओडीओपी वित्त पोषण योजना के तहत 392 लाभार्थियों को 40 करोड़ 58 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के माध्यम से 270 युवाओं को 25 करोड़ 82 लाख रुपये तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत पिछले 18 माह में 1,937 युवाओं को 74 करोड़ 55 लाख रुपये का ऋण प्रदान किया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले एक दशक में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रभावी कदम उठाए गए हैं। कानून व्यवस्था में सुधार और उद्योगों के अनुकूल वातावरण बनने से निवेश को प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने युवाओं से नवाचार और नए विचारों के साथ आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो अलग सोच के साथ कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के चयनित लाभार्थियों को ऋण स्वी.ति पत्र वितरित किए गए। साथ ही ओडीओपी योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को टूलकिट प्रदान कर स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, हरिनारायण बाजपेई, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, संस्.त एवं पर्यटन अधिकारी मोहित मनोहर सिंह, उपायुक्त उद्योग आत्मदेव शर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना बकेवर पुलिस द्वारा क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं एवं आमजन को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देने के साथ–साथ साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए गए। पुलिस द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं अन्य लोगों को



पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। पुलिस टीम ने लोगों को आगाह किया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें तथा किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन बैंकिंग, डिजिटल भुगतान एवं सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की सलाह भी दी गई। जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी वाले पम्पलेट वितरित किए गए और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सुरक्षा उपायों के बारे में अवगत कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहे हैं, ताकि महिलाएं अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक होकर आत्मविश्वास के साथ जीवनयापन कर सकें।

# नगर पंचायत अध्यक्ष के स्थान पर पति के हस्तक्षेप का आरोप

## – जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर–खीरी। नगर पंचायत खीरी के नामित सदस्य एवं पूर्व मंडल महामंत्री रोहित कुमार अवस्थी ने जिलाधिकारी लखीमपुर–खीरी को एक प्रार्थना पत्र देकर नगर पंचायत के प्रशासनिक कार्यों में निर्वाचित अध्यक्ष के पति द्वारा कथित रूप से हस्तक्षेप किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।




जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि नगर पंचायत खीरी की निर्वाचित अध्यक्ष उजमा बी लंबे समय से नगर पंचायत के विभिन्न प्रशासनिक एवं विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के बजाय उनके पति फहीम अहमद को कार्य करने दे रही हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि बोर्ड बैठकों में भी अध्यक्ष के पति द्वारा अध्यक्ष की भूमिका निभाते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए जाने की जानकारी सामने आई है। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि नगर पंचायत से जुड़े विभिन्न कार्मिक मामलों, विशेषकर सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति, तैनाती एवं अन्य प्रशासनिक निर्णयों में भी कथित रूप से अध्यक्ष के पति का हस्तक्षेप बना हुआ है, जिससे निर्णय प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। शिकायतकर्ता ने इसे स्थानीय निकाय की लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं प्रशासनिक मर्यादाओं के विपरीत बताया है। रोहित कुमार अवस्थी ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही नगर पंचायत के कार्यों में किसी भी अनधि.त व्यक्ति के हस्तक्षेप पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए जाएं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां तेज

## - 21 जून को कंपनी गार्डन में होगा मुख्य योग कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य एवं सफल बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता





में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योग दिवस एवं योग सप्ताह के आयोजन से संबंधित तैयारियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि 21 जून को 12 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं तथा कार्यक्रम स्थलों की सूची तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए पदयात्रा भी निकाली जाए और अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने बताया कि योग सप्ताह का आयोजन 15 जून से 21 जून तक किया जाएगा। इस दौरान ग्राम पंचायत, ब्लॉक, तहसील एवं जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 21 जून को कंपनी गार्डन में आयोजित किया जाएगा, जबकि योग सप्ताह के दौरान प्रतिदिन अलग–अलग स्थानों पर योग कार्यक्रम संपन्न कराए जाएंगे। प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में योग को जन–जन के आरोग्य का माध्यम बनाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा कार्यक्रमों का समय प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक निर्धारित रखा जाए। उन्होंने नगर पालिका को प्रचार–प्रसार के लिए वाहनों पर बैनर एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाकर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। वहीं जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने तथा महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित कराने को कहा। साथ ही साफ–सफाई, पेयजल, पार्किंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि योग सप्ताह एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की संख्या तथा कार्यक्रमों के छायाचित्र आयुष कवच ऐप एवं यूपी आयुष सोसायटी की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा विभाग को सभी विद्यालयों में योग दिवस कार्यक्रम अनिवार्य रूप से आयोजित कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भागवत कथा के चौथे दिन भक्त प्रहलाद की सुनाई कथा

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। विष्णु महायज्ञ व भागवत कथा में चौथे दिन पर श्री .ष्ण जन्म, प्रहलाद चरित्र भक्ति द्वारा भगवान की प्राप्ति सतत निरंतर नाम संकीर्तन करते हुए नवधा भक्ति द्वारा भगवान विष्णु को प्राप्त हुए, हिरणाकश्यप डेथ योनि में उत्पन्न हुआ था जो यज्ञ अनुष्ठान पूजन पाठ अपने राज्य में होने नहीं देता था उसी के पुत्र प्रहलाद में भक्ति के द्वारा भगवान विष्णु को नरसिंह के अवतार खंभे मे प्रकट करके प्रकट करके सबको परमात्मा सब जगह प्राप्त है यह



दिखलाया, हिरणाकश्यप को यह वरदान प्राप्त था कि वह 12 महीना में नहीं मरेगा तथा दिन और रात में भी नहीं मरेगा उसकी अतिरिक्त उसको कोई मनुष्य या देवता भी नहीं मार सकता यह सब उसको वरदान में प्राप्त होता भगवान विष्णु ने उसके लिए पुरुषोत्तम मास बनाया जो 12 महीने से अलग है तथा नरसिंह अवतार लिया जो ना मनुष्य और ना ही पशु, प्रभु कर व्यापक है यह भगवान ने खंभ से नरसिंह प्रकार छोड़कर के सबको प्रह्लाद ने भक्ति से भगवान विष्णु का परम पद प्राप्त होता है।

# पीआरवी की मदद से महिला व दो मासूम बच्चों की बचायी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देश व अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में संचालित डायल–112 पीआरवी वाहनों द्वारा प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल आपात सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में पीआरवी पुलिस टीम द्वारा निरंतर सराहनीय कार्य पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ किए जा रहे हैं। 10 जून को कालर आसिफ खान पुत्र शराफत खान निवासी मोहल्ला भाटीपुरा, थाना



कोतवाली द्वारा डायल–112 पर सूचना दी गई कि एक महिला अपने दो बच्चों के साथ खजुराहो–महोबा रेलवे लाइन पर आत्महत्या करने हेतु पटरी पर मौजूद है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में संचालित पीआरवी–7334 मौके के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचने पर कालर द्वारा बताया गया कि खजुराहो मेमू एक्सप्रेस के आगमन का समय निकट है तथा महिला अपने बच्चों सहित रेलवे ट्रैक पर बैठी हुई है। पीआरवी टीम द्वारा बिना विलंब किए खजुराहो–महोबा रेल मार्ग पर खंभा संख्या 1272/01 के पास पहुंचकर देखा गया कि महिला मुस्कान मंसूरी अपने दो बच्चों जोया एवं साहिल के साथ पटरी पर बैठी हुई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पीआरवी कर्मियों ने अत्यंत तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए महिला एवं बच्चों को समझा–बुझाकर तत्काल रेलवे ट्रैक से सुरक्षित स्थान पर हटाया तथा उनकी जान बचायी। पूछताछ में महिला द्वारा पारिवारिक कलह एवं ससुराल पक्ष से परेशान होकर आत्महत्या का प्रयास करने की बात बताई गई। पीआरवी टीम द्वारा महिला की काउंसिलिंग करते हुए उसे समस्या के समाधान हेतु आश्वस्त किया गया तत्पश्चात घटना की सूचना प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली, प्रभारी डायल–112 एवं संबंधित अधिकारियों को दी गई। मौके पर उ0नि0 शिवम पांडेय मय हमराह पुलिस बल पहुंचे, जिनको महिला एवं बच्चों को सकुशल सुपुर्द करते हुए घटना से अवगत कराया गया। पीआरवी पुलिस टीम की त्वरित, संवेदनशील एवं सराहनीय कार्यवाही से एक महिला एवं दो मासूम बच्चों की जान बचायी जा सकी। इस उत्.ष्ट कार्य के लिए स्थानीय जनता द्वारा पीआरवी कर्मियों, यूपी–112 सेवा एवं महोबा पुलिस की भूरी–भूरी प्रशंसा की जा रही है। पीआरवी टीम में हे0कां0 आशीष कुमार मिश्र (कमांडर), कां0 अजय प्रताप सिंह (सब कमांडर), हे0कां0 कारण कुमार (पायलट) शामिल रहे।

# सीएम आवास योजना ग्रामीण में जिले ने पूरे प्रदेश में पाया प्रथम स्थान

## - डीएम के नेतृत्व में जिला प्रशासन की गरीबों के प्रति संवेदनशीलता का दिखा परिणाम

## - शत प्रतिशत स्वीकृतियों के साथ 99.44 प्रतिशत आवासों का निर्माण कार्य हुआ पूर्ण




न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। नवागन्तुक जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन और .ढ़ नेतृत्व में जनपद ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2025–26 की जारी राज्य स्तरीय संचयी रिपोर्ट के अनुसार मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत उत्.ष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद को कुल 1260 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष जिला प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 1260 आवास स्वी.त किए, इनमें से 1253 आवास पूरी तरह से निर्मित किए जा चुके है, जो कुल लक्ष्य का 99.44 प्रतिशत है। यह प्रदर्शन साफ दर्शाता है कि यदि प्रशासनिक अधिकारियों के अन्दर गरीबों के लिए सच्ची संवदेनशीलता हो और मन में यह चाहत हो कि हमें अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, तो इस तरह की अभूतपूर्व और गौरवशाली उपलब्धि निश्चित रूप से देखने को मिलती है। जनपद की इस गौरवमयी सफलता पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि एक गरीब के लिए उसका अपना पक्का घर सिर्फ ईंट–गारें की दिवारें नही होता, बल्कि उसके जीवन के सबसे बडी सुरक्षा, सम्मान और खुशियों का आधार होता है। हमारा प्रयास केवल कागजी आकंडों कों छूना नही था, बल्कि मुख्यमंत्री के उस विजन को धरातल पर उतारना था, जिससे समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति के जीवन में प्रकाश आ सके। मुझे गर्व है कि मेरी पूरी टीम ने पूरी संवेदनशीलता और सेवा भाव के साथ काम किया, जिसके फलस्वरूप आज 1253 गरीब परिवारों को उनकी अपनी छत नसीब हुई है। इस बडी सफलता का श्रेय मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के सघन निरीक्षण, पी0डी0डी0आर0डी0ए0 सुभाष चंद्र त्रिपाठी की कर्मठता तथा जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एंवं फिल्ड स्टाफ की दिन–रात की कडी मेहनत को जाता है। प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल और समयबद्ध समीक्षा के कारण ही आज फिरोजाबाद प्रदेश के जनपदों को पछाड कर शीर्ष पर पहुंचने में कामयाब रहा है। ब्लॉक वार प्रगति रिपोर्ट की बात करें तो अरांव ब्लॉक को 137 का लक्ष्य मिला था, एका ब्लॉक को में 158, जसराना को 116, शिकोहाबाद को 167 और टूण्डला को 108 आवासों का लक्ष्य मिला था, जहां पर शत प्रतिशत आवास पूर्ण हो चुके है, जबकि नारखी को 232 आवासों का लक्ष्य मिला था, जहां पर 230 आवास पूर्ण हो चुके है, मदनपुर को 149 का लक्ष्य मिला था जहां पर 147 आवास पूर्ण हो चुके है, इसी तरह खैरगढ का 31 आवासों का लक्ष्य मिला था, जहां पर 30 आवास पूर्ण हो चुके है, जबकि फिरोजाबाद को 162 आवासों का लक्ष्य मिला था, जिसमें 160 आवास पूर्ण हो चुके है। जिलाधिकारी ने कहा कि शेष आवासों को भी शीघ्र पूर्ण किया जाए, जिससे गरीबों को उनका आश्रय मिल सके।

# अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी को सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते अवैध हथियार रखने के एक मामले में न्यायालय द्वारा आरोपी को सजा सुनाई गई है। थाना




इकदिल में वर्ष 2005 में दर्ज मुकदमा संख्या 23/2005, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के मामले की सुनवाई के दौरान एसीजेएम–5 न्यायालय ने आरोपी जयपाल पुत्र राम सहाय निवासी केवल थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद को दोषी करार देते हुए 15 दिन के कारावास तथा 2,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुराने लंबित मामलों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को सजा दिलाने की कार्रवाई लगातार जारी है।

# लूट व जानलेवा हमले के तीन दोषियों को दस-दस साल की सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बारह वर्ष पुराने लूट और जानलेवा हमले के चर्चित मामले में न्यायालय ने तीन अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए 10–10 वर्ष के सश्रम कारावास और कुल 2 लाख 25 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय के इस फैसले को पुलिस की प्रभावी विवेचना और मजबूत पैरवी का परिणाम माना जा रहा है। ललौली थाने में 18 जनवरी 2014 को तत्कालीन वादी निरीक्षक छविनारायण सिंह की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 18/14 धारा 394, 307 एवं 411 आईपीसी के तहत पंजी.त किया गया था। मामले में रायबरेली जनपद के थाना सरेनी क्षेत्र के ग्राम गेगासो निवासी मनीष कश्यप, गोलू उर्फ हिमांशु गुप्ता और रंजीत साहू को नामजद किया गया था। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत इस मामले को चिन्हित कर लगातार मॉनिटरिंग की गई। स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल और अभियोजन पक्ष ने समन्वय स्थापित कर न्यायालय में मजबूत साक्ष्य प्रस्तुत किए। वैज्ञानिक ढंग से की गई विवेचना, सटीक साक्ष्य संकलन और प्रभावी पैरवी के चलते अभियोजन पक्ष आरोप सिद्ध कराने में सफल रहा। गुरुवार को एएसजे/एफटीसी कोर्ट संख्या–02 ने सुनवाई पूरी करते हुए तीनों अभियुक्तों को धारा 394, 307 और 411 आईपीसी में दोषसिद्ध ठहराया। न्यायालय ने प्रत्येक दोषी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए 75–75 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया। इस प्रकार तीनों दोषियों पर कुल 2 लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऑपरेशन कन्विक्शन का उद्देश्य गंभीर अपराधों में शामिल अपराधियों को शीघ्र और कठोर सजा दिलाना है। इस मामले में मिली सफलता से न केवल पीड़ित पक्ष को न्याय मिला है, बल्कि अपराधियों में कानून का भय भी बढ़ेगा। इस महत्वपूर्ण सफलता में मॉनिटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अश्विनी वर्मा, कांस्टेबल रोहित राजावत, जितेंद्र सिंह एवं विवेक कुमार की विशेष भूमिका रही। वहीं विवेचक भानुप्रताप सिंह, पैरोकार ऋषि कुमार, कोर्ट मुहर्रिर सुनैना सोनकर तथा एडीजीसी अजय कुमार सिंह ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को सजा दिलाने में अहम योगदान दिया।

# तालाब पर अवैध कब्जे की डीएम से शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बहुआ विकास खण्ड के ग्राम हरियापुर में स्थित जमादारन तालाब पर दबंगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे की शिकायत लेकर ग्रामीण कलेक्ट्रेट आए और जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर मेरा गांव मेरा तालाब योजना के अंतर्गत तालाब से अवैध कब्जा हटवाकर सौन्दर्यीकरण करवाए जाने की गुहार लगाई। ग्राम प्रधान हरियापुर राकेश प्रजापति की



अगुवाई में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि गांव में स्थित जमादारन तालाब गाटा सं0 121 पर गांव के ही दबंग रामकृपाल साहू, जयकरन, शरीफ आदि लोगों ने मिट्टी व कूड़ा डालकर बंद कर दिया है। जिससे तालाब के चारों तरफ बने रास्ते में जलभराव होता है। जिसके कारण संक्रामक बीमारियां भी पैदा हो रही है। साथ ही महिलाओं व स्कूल के बच्चों को आने–जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बताया कि कई बार सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग किया कि मेरा गांव मेरा तालाब योजना के अंतर्गत तालाब से अवैध कब्जा हटवाया जाए और तालाब का सौन्दर्यीकरण करवाया जाए। जिससे ग्रामीणों को राहत मिल सके। इस मौके पर अजय सिंह, रवी पटेल, अमर सिंह, अशोक पटेल, सलीम खां, शब्बीर, यूनुस, राजू आदि मौजूद रहे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई - निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज, द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :-

**ई-टेंडर निविदा सूचना संख्या:** GEM/2026/B/7648832 Dated 10.06.2026

**कार्य का नाम:** AGY, LUSA, SBDR, CUK, PRE, DAP, JEP, KYT, NPBR, CAR, SKGH, JHG & KHRY रेलवे स्टेशनों पर तीन साल के लिए पूरी सफ़ाई व्यवस्था (सफ़ाई, झाडू-पोछा, कचरा बीनना, कचरा इकट्ठा करना और उसका निपटान आदि) -आउटकम एक्टिविटी बेस्ड - के लिए निविदा।

**निविदा सिस्टम:** दो पैकेट सिस्टम | **ठेके की अवधि:** तीन वर्ष | **धरोहर राशि:** ₹ 6,26,000/-

**कार्य का अनुमानित लागत (जी.एस.टी. सहित):** ₹ 3,12,98,813.59

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 10.07.2026 15:00

**निविदा खेलने की तिथि एवं समय :** 10.07.2026 15:30

**नोट:1.** उपरोक्त ई निविदा का पूरा विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) Gem वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि से वेबसाइट **www.gem.gov.in** पर टेंडर खुलने की तिथि तक उपलब्ध है। **2.** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरो को चाहिए कि वे अपने आपको Gem की वेबसाइट पर पंजीकृत कराये। **3.** संलग्न किये जाने वाले सभी दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए। **4.** ई निविदा फ़ार्म सभी निविदाकारों को नि शुल्क जारी किये जायेगें। 5. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए Gem की वेबसाइट की हेल्पलाइन से संपर्क किया जा सकता है। **1329/26(DG)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**न्यूज़ वाणी**

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध

समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें

सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि

09451548620, 9451180488


# एसपी ने पूर्वी जोन बॉलीबाल क्लस्टर प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

## - प्रतियोगिता के आगामी मुकाबलों पर टिकी खेल प्रेमियों की नजरें

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। 12 वीं वाहिनी पीएसी परिसर में गुरुवार को 30 वीं अंतरवाहिनी पीएसी पूर्वी जोन



बॉलीबाल क्लस्टर प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने किया। इस दौरान पूर्वी जोन की विभिन्न वाहिनियों से आए खिलाड़ियों में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। प्रतियोगिता के अंतर्गत वॉलीबाल एवं सेपक टकरॉ खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न वाहिनियों के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। शुभारंभ समारोह में पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना, अनुशासन और उत्.ष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं बल्कि मानसिक मजबूती, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस बल के जवानों के लिए खेल गतिविधियां बेहद महत्वपूर्ण हैं, जो उन्हें स्वस्थ, सक्रिय और ऊर्जावान बनाए रखने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम के दौरान 12 वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक (कमांडेंट) ने पुलिस अधीक्षक को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर पीएसी एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न वाहिनियों के खिलाड़ी व बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, अनुशासन और सौहार्द का माहौल बना रहा। प्रतियोगिता के शुभारंभ के साथ ही रोमांचक मुकाबलों का सिलसिला शुरू हो गया, जिसमें खिलाड़ियों ने जीत हासिल करने के लिए दमखम दिखाना शुरू कर दिया है। खेल प्रेमियों की नजरें अब प्रतियोगिता के आगामी मुकाबलों पर टिकी हैं, जहां पूर्वी जोन की सर्वश्रेष्ठ टीम बनने की होड़ देखने को मिलेगी।

# बाढ़ से जंग के लिए तैयारी, डीएम-एसपी की मौजूदगी में हुआ मॉक ड्रिल

## - राहत-बचाव का दिखा दम, अधिकारियों ने दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आगामी मानसून और संभावित बाढ़ आपदा को देखते हुए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियों का व्यापक प्रदर्शन किया। थाना औंग क्षेत्र के बिंदकी फार्म गांव में गुरुवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की उपस्थिति में भव्य मॉक ड्रिल आयोजित की गई, जिसमें आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों का जीवंत प्रदर्शन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का काल्पनिक वातावरण तैयार कर विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली का परीक्षण किया गया। राहत शिविरों की स्थापना, प्रभावित लोगों का पंजीकरण, खाद्यान्न एवं आवश्यक सामग्री का वितरण, चिकित्सा सहायता, सुरक्षा व्यवस्था और आपदा के समय अपनाई जाने वाली व्यवस्थाओं का सफल प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। अभ्यास के दौरान भवन ध्वस्तीकरण की काल्पनिक स्थिति भी बनाई गई।



तेज आंधी, बारिश अथवा बाढ़ के कारण भवन गिरने की स्थिति में उसमें फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने, प्राथमिक उपचार देने तथा अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। खोज एवं बचाव दलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपनी दक्षता का परिचय दिया। इस दौरान आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी मानकों का पालन करते हुए राहत एवं बचाव कार्यों को अंजाम दिया गया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा प्रबंधन तंत्र को अधिक सक्षम और सतर्क बनाना है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत पहुंचाकर जन–धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके। वहीं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सभी विभागों को बेहतर समन्वय बनाए रखते हुए हर परिस्थिति के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि बाढ़ आने से पूर्व जिन समस्याओं का समाधान संभव है, उनका प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण कराया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने और आपदा की स्थिति में सहयोग करने की अपील की गई। प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, अग्निशमन विभाग, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा अन्य संबंधित विभागों के संयुक्त प्रयासों से आयोजित यह मेगा मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि फतेहपुर प्रशासन बाढ़ जैसी किसी भी आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार है।

# भूलेख खतौनी में अवैध नाम दर्ज कराए जाने का आरोप

## - ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिन्दकी तहसील क्षेत्र के ग्राम थानपुर के ग्रामीणों



ने भूलेख खतौनी में अवैध नाम दर्ज कराए जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को संबोधित एक शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें मामले की जांच कराए जाने के लिए आदेश प्रदान किए जाने की मांग की। थानपुर के ग्रामीण गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और नारेबाजी करते हुए एक शिकायती पत्र अपर उपजिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें बताया गया कि गाटा सं0 97/6 रकबा 0.7240 हे0 कोमल पत्नी विपिन नि0 थानपुर व 97/4 मि0 रकबा 0.7290 रूबी सिंह/अमोल सिंह निवासी छिवली व 89/5 रकबा 0.2860 हे0 सुनील कुमार/राम बहादुर निवासी दरियापुर व 89/4 रकबा 1.0840 हे0 रूबी सिंह/अमोल सिंह, 97/5 रकबा 0.4690 हे0 सुनील कुमार/राम बहादुर के नाम क्षेत्रीय लेखपाल की मिलीभगत से फर्जी दर्ज हो गए हैं। इन गाटा संख्या की पुरानी खतौनी नहीं है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भूलेख खतौनी में फर्जीवाड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने इनकी जांच कराए जाने का आदेश संबंधित अधिकारी व कर्मचारी को प्रदान किए जाने की मांग की। इस मौके पर राकेश, रामश्री, सियादुलारी, राम दुलारी, गंगादेई, अरविन्द, शिव कुमार, नीशू, राधा, शालिनी, राजेश, शिवकुमारी, बलराज, सुखराम, प्रेमा देवी, मलखान, सोनू, सुखराम निषाद, राम प्रकाश, राजू, अनिल, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

# जिले में आंधी, तूफान व ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी

## - अगले 24 घंटे संवेदनशील, प्रशासन ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में आगामी 24 घंटों के दौरान मौसम के खराब रहने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गरज–चमक के साथ वर्षा, 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटा से लेकर 80 किलोमीटर प्रति घंटा तक की रतार से तेज हवाएं चलने तथा कहीं–कहीं ओलावृष्टि होने की संभावना है। जिला प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि संभावित प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों को देखते हुए पूरी सतर्कता बरतें तथा मौसम विभाग और प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करें। प्रशासन का कहना है कि आंधी, तूफान, वज्रपात और ओलावृष्टि जैसी प्रा.तिक आपदाओं से जन–धन की हानि को कम करने के लिए नागरिकों का जागरूक एवं सतर्क रहना आवश्यक है। प्रशासन ने लोगों को सलाह दी है कि मौसम संबंधी चेतावनियों पर लगातार नजर रखें, खराब मौसम के दौरान सुरक्षित एवं मजबूत भवनों में शरण लें तथा .षि उपज, पशुधन एवं आवश्यक सामग्री को सुरक्षित स्थानों पर रखें। साथ ही विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति के लिए आवश्यक संसाधन पहले से तैयार रखने और किसी भी दुर्घटना अथवा आपदा की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की गई है। जिला प्रशासन ने लोगों को चेतावनी दी है कि तेज हवाओं के दौरान पेड़ों, विद्युत खंभों, होर्डिंग्स, टिन शेड तथा कमजोर संरचनाओं के पास न जाएं। वज्रपात के समय खुले मैदानों, खेतों, जलाशयों और ऊंचे स्थानों पर रुकने से बचें तथा अनावश्यक यात्रा न करें। साथ ही अफवाहों और अप्रमाणित सूचनाओं के प्रसार से भी दूर रहने की सलाह दी गई है। संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों




को उच्च सतर्कता बनाए रखने, राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियां पूर्ण रखने तथा आवश्यक संसाध न एवं मानवबल उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की आपदा अथवा सहायता की आवश्यकता होने पर नागरिक जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 05688–297204, 05688–250077, 9634203693 तथा टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क कर सकते हैं।

# जन उद्योग व्यापार मंडल हसवा ने शुरू किया निःशुल्क प्याऊ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। प्रचंड गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच जन उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की हसवा इकाई ने सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए गुरुवार को निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसवा के चिकित्सा प्रभारी डॉ. अनुपम सिंह एवं वरिष्ठ समाजसेवी लाल सिंह सेंगर ने फीता काटकर कार्यक्रम



का उद्घाटन किया। राहगीरों एवं आम जनमानस को शरबत और ठंडा पानी वितरित कर गर्मी से राहत पहुंचाई। बैंक ऑफ बड़ौदा के निकट स्थित संगठन के नगर कार्यालय के बगल में आयोजित यह सेवा कार्य सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने ठंडा पानी एवं शरबत ग्रहण किया। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए यह निःशुल्क प्याऊ अब लगातार पूरे ग्रीष्मकाल तक संचालित किया जाएगा, जिससे राहगीरों, श्रमिकों एवं आम नागरिकों को राहत मिल सके। नगर अध्यक्ष उदयभान सिंह सेंगर ने कहा कि समाज सेवा व्यापार मंडल की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस कठिन दौर में लोगों को पेयजल उपलब्ध कराना एक मानवीय और सामाजिक दायित्व है, जिसे संगठन पूरी निष्ठा के साथ निभा रहा है। कार्यक्रम में महामंत्री रामलखन सिंह सेंगर, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय सेंगर, नगर प्रभारी धर्मेंद्र सिंह पुस्सू, सौरभ सिंह सेंगर, मनोज कुमार गुप्ता, गोपी साहू, राजेंद्र प्रसाद देववंशी, धर्मेंद्र सिंह कच्छवाह, जावेद आलम, मीडिया प्रभारी कौशलेश प्रसाद पांडे, अवधेश कुमार साहू, महेंद्र प्रताप केसरवानी, शिवनारायण विष्वकर्मा, संदीप सिंह, दीपू गुप्ता, हरिप्रसाद साहू, मोहम्मद गुफरान, राजेश दीक्षित, संतोष कुमार वर्मा, अरुण कुमार सिंह, अरविंद गौड़, अश्वनी गौड़ तथा रामलीला कमेटी अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह कछवाह सहित व्यापार मंडल के अनेक पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में सपा नेत्री ने कराया शरबत वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। विधानसभा क्षेत्र के गांव मझटेनी में जय परमहंस श्री मुन्नू बाबा के मेले के अवसर पर भीषण गर्मी को देखते हुए समाजवादी पार्टी की नेत्री रत्नेश रत्ना द्वारा श्रद्धालुओं



एवं ग्रामीणों के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मेले में आए श्रद्धालुओं, महिलाओं, बुजुर्गों एवं युवाओं को ठंडा शरबत वितरित किया गया।

रत्नेश रत्ना ने कहा कि वर्तमान समय में पड़ रही तेज गर्मी और लू से लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा और जनसेवा ही उनका प्रमुख उद्देश्य है तथा ऐसे आयोजनों के माध्यम से लोगों की मदद करना उनका दायित्व है। मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं ने शरबत ग्रहण कर राहत महसूस की और इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने मिलकर श्रद्धालुओं की सेवा में सहयोग किया। मेले में आए लोगों ने रत्नेश रत्ना के इस जनहितकारी प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के बीच शरबत वितरण जैसी पहल लोगों को राहत पहुंचाने का सराहनीय कार्य है। शरबत वितरण कार्यक्रम पूरे दिन उत्साहपूर्ण माहौल में चलता रहा। इस दौरान लोगों ने जय परमहंस श्री मुन्नू बाबा जी के दर्शन कर सुख–समृद्धि की कामना की। सामाजिक सौहार्द और सेवा भावना के इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

11 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर | फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान

**जाफ़री चश्में वाले**

थोक व फुटकर चश्में

39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने (निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)

कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।

नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।

कान की मशीन मात्र 450/– में कान्टेक्ट लेंस मात्र 350/– में

सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620

प्रो. नफीस अहमद जाफ़री संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

## ननिहाल आए किशोर की गंगा में डूबकर मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। गर्मी की छुट्टियां बिताने ननिहाल आए बारह वर्षीय बच्चे की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और खुशियों की जगह मातम पसर गया। जानकारी के मुताबिक हर्षित यादव पुत्र सुरेंद्र यादव निवासी ग्राम औरेली जनपद कौशांबी गर्मी की छुट्टियों में अपने नाना धनराज पुत्र इंद्रजीत यादव के घर ग्राम पिलाही आया हुआ था। गुरूवार की सुबह करीब पांच बजे वह नाना के साथ राम चंदन घाट पर गंगा स्नान करने गया था। स्नान के दौरान अचानक हर्षित का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। नाना ने तुरंत उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। स्थानीय लोगों और पुलिस की सूचना पर 112 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और हर्षित को तत्काल सीएचसी हुसैनगंज ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उपनिरीक्षक के अनुसार सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई शुरू की। परिजनों ने बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया। इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने बच्चों को नदी–तालाब के पास अकेले न जाने देने की अपील की है।

## ट्रेन की चपेट में आकर महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के रसूलाबाद स्टेशन के समीप रेलवे लाइन पार करते समय 45 वर्षीय महिला ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बहरामपुर गांव निवासी छंगू की पत्नी लक्ष्मी देवी बुधवार की देर शाम सामान लेने जा रही थी। जब वह स्टेशन के समीप रेलवे लाइन पार करने लगी तभी ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## सर्पदंश से बालक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम कमालीपुर में गुरूवार की दोपहर घर में बैठे आठ वर्षीय बालक को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कमालीपुर गांव निवासी सुरेन्द्र कुमार का पुत्र विवेक घर के अंदर बैठा था। इसी बीच उसे जहरीले सर्प ने डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो पहले तो उसे अस्ती झाड़फूक के लिए ले गए। हालत न सुधरने पर घर वाले उसे सदर अस्पताल लाए। जहां चिकित्सक ने बालक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मां निशा का रो–रोकर बुरा हाल है।

## ट्रैक्टर ने वृद्धा को कुचला, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम रमवां में बुधवार की देर रात रोड किनारे खड़ी 60 वर्षीय वृद्ध महिला को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रमवां गांव निवासी स्व0 मुन्ना की पत्नी पचनी देवी रात लगभग ग्यारह बजे रोड किनारे खड़ी थी। इसी बीच मिट्‌टी लेकर तेज रतार आ रहे ट्रैक्टर ने वृद्धा को रौंद दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर सहित भाग जाने में सफल रहा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## जमीनी विवाद में वृद्ध की धारदार हथियार मारकर हत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अंगदपुर में जमीनी विवाद को लेकर बुधवार की देर रात घर के बाहर सो रहे 65 वर्षीय वृद्ध को धारदार हथियार मारकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार अंगदपुर गांव निवासी स्व0 लक्ष्मण सोनकर का पुत्र तक्कीलाल घर के बाहर सो रहा था। तभी आधा दर्जन लोग आए और धारदार हथियार मारकर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद सभी लोग मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के छोटे भाई रमेश ने बताया कि पिछले 40 वर्षों से जमीन का विवाद चला आ रहा है। जबकि दोनों भाईयों की जमीन थी, लेकिन चचेरा भाई रामलखन उसे हथियाना चाहता था। इसी बात को लेकर कल शाम झगड़ा भी हुआ था और रात में रामलखन ने अपने साथियों बरमबली, शिवमोहन, अंकित, धीरेन्द्र, अंकुश व रामलखन की पत्नी रानी देवी के साथ मिलकर रात लगभग डेढ़ बजे भाई की कुल्हाड़ी व बरछी मारकर हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरतार करके जेल भेजा जाएगा।

## महिला ने लगाई फांसी, भर्ती

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हसऊपुर में गुरूवार की सुबह घरेलू कलह से तंग आकर 40 वर्षीय महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे अचेतावस्था में उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां हालत ठीक न होने पर कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार हसऊपुर गांव निवासी रामनरेश की पत्नी उर्मिला देवी पिछले कई महीनों से घरेलू कलह के चलते मानसिक तनाव में थी। गुरूवार की सुबह घर के अंदर उसने ६ ान्नी में रस्सी का फंदा डाल फांसी पर लटक गई। तभी परिजनों की नजर उस पर पड़ गई। उसे तत्काल फंदे से छुड़ाकर तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

# ट्रेन के टायलेट की छत में छिपे गांजे को पुलिस ने किया बरामद

### - तीन तस्करों को दबोचा, मास्टरमाइंड की तलाश तेज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खागा पुलिस ने एक बड़े गांजा तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए बारह किलोग्राम अवैध गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरतार किया है। पुलिस पूछताछ में तस्करी का ऐसा तरीका सामने आया है, जिसने सभी को हैरान कर दिया। आरोपी ट्रेन के शौचालय की छत में बने गोलाकार कवर के अंदर गांजा छिपाकर उड़ीसा से उत्तर प्रदेश तक लाते थे और जांच एजेंसियों की नजरों से बच निकलते थे। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में अपराधियों, माफियाओं, टॉप–10 अपराधियों एवं मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी खागा के पर्यवेक्षण में थाना खागा पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान दस जून को दोपहर करीब 1.15 बजे महिचा मंदिर रामपुर मोड़ के पास पुलिस टीम ने तीन संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर उनकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान संदीप कुमार जैसवाल



निवासी चित्रकूट, सुरेश निषाद तथा पिंटू यादव निवासी बांदा के कब्जे से कुल बारह किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। इसके अलावा तीन मोबाइल फोन, 920 रुपये नकद, दो यात्रा टिकट और एक स्क्रू ड्राइवर भी बरामद किया गया। गिरतार अभियुक्तों से हुई पूछताछ में तस्करी के पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ। आरोपियों ने बताया कि शिवम शिवहरे नामक व्यक्ति उन्हें उड़ीसा भेजता था, जहां से वे गांजा खरीदकर ट्रेन के माध्यम से उत्तर प्रदेश लाते थे। पकड़े जाने से बचने के लिए वे ट्रेन के शौचालय में लगे ऊपरी गोलाकार कवर को स्क्रू ड्राइवर से खोलकर उसके अंदर गांजा छिपा देते थे और गंतव्य स्टेशन आने से पहले उसे निकालकर दोबारा स्क्रू कस देते थे, जिससे किसी को शक न हो। आरोपी निजी वाहनों के बजाय ट्रेन और अन्य सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करते थे ताकि पुलिस की निगरानी से बचा जा सके। पूछताछ में यह भी सामने आया कि जनपद पहुंचने के बाद आरोपी गांजा शिवम शिवहरे को सौंप देते थे, जो उसकी फुटकर बिक्री करता था। इसके बदले उन्हें प्रति किलोग्राम गांजा लाने पर एक हजार रुपये पारिश्रमिक दिया जाता था, जबकि यात्रा, भोजन और अन्य खर्च भी वही वहन करता था। पुलिस के अनुसार पूरे नेटवर्क का संचालन और नियंत्रण शिवम शिवहरे द्वारा किया जा रहा था तथा गिरतार आरोपी उसके निर्देश पर गांजा लाने और पहुंचाने का काम करते थे। मामले में थाना खागा पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार नामजद आरोपी शिवम शिवहरे की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। गिरतार अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की गई है। खागा पुलिस की इस कार्रवाई को जनपद में नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले नशा तस्करों के खिलाफ अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

## तालाब पर कब्जे की कोशिश से भड़के ग्रामीण, डीएम से गुहार

### - जलनिकासी व्यवस्था पर मंडराया संकट

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के ग्राम मदारीपुर मजरे कांधी में स्थित एक पुराने तालाब पर कथित अवैध कब्जे के प्रयास को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत कर तालाब को अतिक्रमण से मुक्त कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि तालाब को पाट दिया गया तो पूरे गांव की जल निकासी व्यवस्था चरमरा जाएगी और बरसात के दिनों में गंभीर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो सकती है। गांव निवासी दीपक कुमार पुत्र सुरेश पटेल समेत अन्य ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को सौंपे गए शिकायती पत्र में बताया गया है कि ग्राम मदारीपुर में स्थित गाटा संख्या 353, जिसका रकबा 2.2950 हेक्टेयर है, राजस्व अभिलेखों में आबादी के नाम दर्ज है, लेकिन मौके पर वर्षों पुराना तालाब मौजूद है। ग्रामीणों के अनुसार गांव के अधिकांश घरों तथा वर्षा का पानी इसी तालाब में एकत्र होता है, जिससे पूरे क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि गांव निवासी आनन्दपाल पुत्र रामऔतार अपने मकान के सामने स्थित तालाब में मिट्टी डलवाकर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी उसे ऐसा करने से रोका जाता है तो विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और विरोध करने वालों को कथित रूप से धमकियां भी दी जाती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब पर कब्जा होने की स्थिति में बरसात के दौरान गांव के कई घरों में पानी भर सकता है, जिससे जनजीवन प्रभावित होगा और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उनका कहना है कि यह तालाब गांव की सार्वजनिक संपत्ति होने के साथ–साथ पर्यावरण एवं जल संरक्षण की .ष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, तालाब पर हो रहे कथित अतिक्रमण को तत्काल रुकवाने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी एवं दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। गांव के लोगों का कहना है कि तालाब केवल जल निकासी का माध्यम ही नहीं बल्कि पूरे गांव की प्रा.तिक धरोहर है। ऐसे में इसके संरक्षण के लिए प्रशासन का त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है। अब ग्रामीणों की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं और वे तालाब को अतिक्रमण से बचाने की मांग कर रहे हैं। इस मौके पर दीपक, अंकित पटेल, अजय पटेल, राम प्रकाश, जोगेन्द्र पटेल, राजेश पटेल, उत्कर्ष कुर्मी, आशू पटेल, मझिल पटेल, उमेश पटेल, चन्द्रिका पटेल भी मौजूद रहे।

## दहेज की बलि चढ़ी महिला को मिला इंसाफ, दो दोषियों को उम्रकैद

### - चार साल बाद अदालत ने सुनाया फैसला, एक लाख रुपये का जुर्माना

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या करने वाले दो दोषियों को आखिरकार कानून



ने उनके अंजाम तक पहुंचा दिया। पुलिस की सशक्त विवेचना, सटीक साक्ष्य संकलन और प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने दहेज हत्या के मामले में पति और सास को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए कुल एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मामला थाना जाफरगंज क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी का है, जहां वर्ष 2021 में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर थाना जाफरगंज में मुकदमा अपराध संख्या 48/2021 के तहत दहेज उत्पीड़न, दहेज हत्या एवं हत्या जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस जांच में सामने आए तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर बृजेश निषाद पुत्र बाबूराम तथा शिवकली पत्नी बाबूराम को आरोपी बनाया गया। पुलिस महानिदेशक के निर्देश और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के नेतृत्व में चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत इस प्रकरण की लगातार निगरानी की गई। मॉनिटरिंग सेल, स्थानीय पुलिस और अभियोजन पक्ष ने मामले की मजबूती से पैरवी की। वैज्ञानिक साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर अभियोजन पक्ष न्यायालय में आरोप सिद्ध करने में सफल रहा। गुरुवार को एएसजे/एफटीसी कोर्ट संख्या–02 ने सुनवाई पूरी करते हुए दोनों अभियुक्तों को धारा 498ए, 304बी, 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम तथा वैकल्पिक धारा 302/34 आईपीसी में दोषी ठहराया। न्यायालय ने दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा 50–50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। पुलिस विभाग ने इस फैसले को महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में बड़ी उपलब्धि बताया है। अधिकारियों का कहना है कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गंभीर अपराधों में दोषियों को शीघ्र और कठोर सजा दिलाने का अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस सफलता में मॉनिटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अष्विनी वर्मा, कांस्टेबल रोहित राजावत, जितेंद्र सिंह, विवेक कुमार, विवेचक दिनेशचंद्र मिश्र, पैरोकार सुमित कुमार, कोर्ट मुहर्रिर प्रमोद कुमार मिश्र तथा एडीजीसी अजय कुमार सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## हत्या के प्रयास का आरोपी चाकू समेत गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना ललौली पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरतार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ा दी गई हैं। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरतारी और अपराध नियंत्रण के लिए जनपदभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को थाना ललौली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त पिन्टू पुत्र रहिमाल निवासी लदिगवा थाना ललौली को गिरतार कर लिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त ललौली थाने में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 156/26, धारा 333/109 बीएनएस में वांछित था। गिरतारी के दौरान उसकी तलाशी लेने पर घटना में प्रयुक्त एक चाकू बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने मुकदमे में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी करते हुए आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई को और मजबूत कर दिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बहुआ उपनिरीक्षक अम्बरीश कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह, कांस्टेबल दीपक गुप्ता षामिल रहे।

## फैक्ट्रियों के श्रमिकों का फूटा गुस्सा, शोषण के आरोपों पर डीएम से गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों के साथ कथित शोषण, वेतन असमानता और खराब कार्य परिस्थितियों को लेकर असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से कई औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन ने श्रम व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इसी को लेकर जिलाधिकारी को एक शिकायत पत्र सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप और प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायत में कहा गया है कि जिले की कई फैक्ट्रियों में श्रमिकों को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। वेतन भुगतान, कार्यस्थल की परिस्थितियों तथा श्रमिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। श्रमिकों का कहना है कि उनकी समस्याओं का लंबे समय से समाधान नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते उन्हें प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। शिकायतकर्ताओं ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जनपद के सभी श्रमिक संगठनों, फैक्ट्री प्रबंधन और संबंधित विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में एक खुली बैठक आयोजित की जाए, ताकि श्रमिकों की समस्याओं को सीधे सुना जा सके और उनके समाधान का ठोस रास्ता निकाला जा सके। साथ ही श्रम विभाग द्वारा औद्योगिक इकाइयों का विशेष निरीक्षण कर श्रम कानूनों के अनुपालन की जांच कराई जाए। पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि समय रहते श्रमिकों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है, जिससे औद्योगिक माहौल तथा कानून–व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। भविष्य में ऐसे विवादों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए एक स्थायी समन्वय समिति गठित करने की मांग भी उठाई गई है। शिकायतकर्ताओं ने जिलाधिकारी से श्रमिक हितों की रक्षा, औद्योगिक शांति बनाए रखने तथा श्रमिकों और उद्योग प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए शीघ्र एवं प्रभावी कदम उठाने की अपील की है। यह मामला अब जिले में श्रमिक अधिकारों और औद्योगिक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा का विषय बन गया है।


## चंद मिनटों में उजड़ गई दो परिवारों की दुनिया

### – शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने घरों को बनाया राख का ढेर

न्यूज वाणी ब्यूरो/खागा, फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के मझगवां गांव में गुरुवार को हुए भीषण अग्निकांड ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और तेज हवाओं के चलते एक घर से दूसरे घर तक फैल गई। आग की चपेट में आने से गांव निवासी काली और शिवकरण के मकान जलकर राख हो गए, जिससे लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक मकान में अचानक आग भड़क उठी। तेज हवाओं के कारण आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं और देखते ही देखते पड़ोस के मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भीषण थी कि ग्रामीणों में अफरा–तफरी मच गई। लोग घरों से सामान निकालने के लिए दौड़े, लेकिन आग की रतार के सामने उनके प्रयास नाकाफी साबित हुए। अग्निकांड में घरों में रखा नगदी, अनाज, कपड़े, बर्तन, चारपाई, फर्नीचर तथा अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवारों ने बताया कि उनकी वर्षों की मेहनत और जमापूंजी कुछ ही मिनटों में खाक हो गई। घटना के बाद परिवारों के सामने रहने और खाने तक का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने एकजुट होकर बाल्टियों और पानी के अन्य साधनों से आग बुझाने का प्रयास किया। काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक दोनों मकान पूरी तरह तबाह हो चुके थे। सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन और राजस्व विभाग के अधिकारियों को घटना की जानकारी दी गई। गांव के लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता, राहत सामग्री और आवासीय मदद उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं राजस्व विभाग द्वारा नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे मझगवां गांव में शोक और चिंता का माहौल है। ग्रामीण पीड़ित परिवारों के समर्थन में आगे आ रहे हैं और प्रशासन से शीघ्र राहत पहुंचाने की मांग कर रहे हैं।

## एकादशी पर वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को खिलाया भोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। एकादशी के अवसर पर भोजन जन सेवा समिति द्वारा समाज कल्याण विभाग के संचालित वृद्धजन आवास में सेवा, समर्पण और मानवीय संवेदनाओं से ओत–प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिवानी शर्मा पत्नी .ष्णा विष्वकर्मा की ओर से वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों के लिए स्वादिष्ट भोजन व मिष्ठान की विशेष व्यवस्था कराई गई। भोजन वितरण कार्यक्रम के दौरान समिति के अध्यक्ष कुमार शेखर ने स्वयं बुजुर्गों की थालियों में प्रेमपूर्वक भोजन



परोसकर सेवाभाव का परिचय दिया। सम्मान व आत्मीयता के साथ परोसे गए भोजन को ग्रहण कर वृद्धजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बुजुर्गों ने आयोजन से जुड़े सभी लोगों को हृदय से आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिकों के बीच पहुंचकर उनकी सेवा करना और उनके साथ समय बिताना मानवता की सच्ची मिसाल है। ऐसे आयोजन सामाजिक सरोकारों को मजबूत करने के साथ–साथ नई पीढ़ी को सेवा, करुणा और संस्कारों का संदेश भी देते हैं। समिति अध्यक्ष कुमार शेखर ने कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव और आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। एकादशी जैसे पावन पर्व पर उनकी सेवा करने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम का समापन वृद्धजनों के आशीर्वाद और मंगलकामनाओं के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने शिवानी शर्मा एवं .ष्णा विष्वकर्मा परिवार की सेवा भावना की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक और अनुकरणीय पहल बताया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )